• जयपुर, शनिवार 1 नवंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 364 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती

सरदार पटेल के 'एक भारत' के संकल्प को 'श्रेष्ठ भारत' के रूप में साकार कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' एकता के संकल्प का प्रतीक, युवा उनके जीवन-विचारों को करें आत्मसात : केन्द्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी

- केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने 'रन फॉर यूनिटी' को दिखाई हरी झंडी
- जनसमूह को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

युवा शक्ति ही सशक्त भारत का आधार, युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ रहे प्रधानमंत्री : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर, 31 अक्टूबर। केन्द्रीय शिक्षा, खाद्य एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री प्रल्हाद जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर जयपुर में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रल्हाद जोशी ने कहा कि आज हम जिस 'एक भारत' को देख रहे हैं, उसके पीछे सरदार पटेल के कुशल नेतृत्व और अथक परिश्रम का ऐतिहासिक योगदान है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरदार पटेल के 'एक भारत' के संकल्प को 'श्रेष्ठ भारत' के रूप में साकार करने का कार्य किया जा रहा है।

सरदार पटेल ने दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से देश को एक सूत्र में पिरोया





अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ करें कार्य

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3 लाख 70 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 4 लाख लाभार्थियों को 1 हजार 643 करोड़ की राशि युवा संबल योजना के तहत वितरित की गई है। एक जिला-एक खेल योजना और खेल जीवन बीमा योजना लॉन्च की गई हैं। 2028 ओलम्पिक के लिए विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु 'मिशन ओलम्पिक-2028' शुरू किया है। इसके लिए 20 करोड़ की लागत से सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित किया जा रहा है। वहीं, 50 खेलो इंडिया केन्द्रों की स्थापना की गई है। उन्होंने आह्वान किया कि सरदार पटेल के विचारों को अपनाकर अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करें। रन फॉर यूनिटी में कई पदक विजेता खिलाड़ियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं, मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद मदन राठौड़, मंजू शर्मा, महापौर सुनील कोठारी, उप महापौर सरोज कंवर, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

हमारी भाषाएं-परम्पराएं अलग, राष्ट्रीय पहचान एक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने दृढ़ संकल्प, अदम्य इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था। हमारी भाषाएं-परम्पराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन हमारी राष्ट्रीय पहचान एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि सरदार पटेल के सपनों का सशक्त भारत युवाओं के सहयोग से बन सकता है। इसलिए देश के युवाओं को माय भारत जैसे मंचों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जा रहा है। स्टार्टअप इंडिया और मुद्रा योजना ने युवाओं को नौकरी खोजने वाले से नौकरी देने वाला बनाया है। वहीं, खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट के जरिए गांव-ढाणी की प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहरा रही हैं।

युवाओं के भविष्य को सुदृढ़ कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर नौजवान को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शी भर्तियां, आधुनिक खेल सुविधा और कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध करवा रही है। युवा नीति, नई रोजगार नीति, राज्य कौशल नीति के जरिए भविष्य को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 410 परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाकर 1 लाख 93 हजार युवाओं को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। इसके अलावा 1 लाख 18 हजार भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं और 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। साथ ही, 5 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाया गया है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने 500 से अधिक रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया। वहीं, राजस्थान के निर्माण में भी उनके योगदान को हमेशा याद किया जाना चाहिए। उन्होंने ही 30 मार्च, 1949 को वृहद राजस्थान को साकार किया था। सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए गुजरात के केवड़िया में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थापित की गई है, जो राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और एकता के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से प्रतिमा का अवलोकन करने और सरदार पटेल के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

न्यूज अपडेट

वोट चोरी पर चर्चा के लिए तैयार, लेकिन राहुल गांधी कभी सहमत नहीं होंगे: अमित शाह

नईदिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा विपक्ष द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने को तैयार है। हालांकि, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस चर्चा के लिए सहमत नहीं होंगे। उन्होंने कहा, मैं चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने को तैयार हूं। लेकिन राहुल बाबा कभी सहमत नहीं होंगे। वे संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि सड×कों पर हंगामा खड़ा करेंगे।

अर्नब' तूफान से देश भर में मौसम का मिजाज बिगड़ा, पहाड़ों पर बर्फबारी, ओडिशा में 3 मौतें

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार देश के कई हिस्सों में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर अभी भी व्यापक रूप से देखा जा रहा है। तूफान के प्रभाव से उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व तक मौसम के मिजाज में भारी उलटफेर दर्ज किया गया है। उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों, खासकर उत्तराखंड के उच्च हिमालयी तीर्थ स्थलों केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में लगातार भारी बर्फबारी हो रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड बढ़ गई है। चक्रवात के चलते ओडिशा के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को लगातार हुई मूसलाधार बारिश के बाद राज्य के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए और कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। इन प्राकृतिक हादसों में एक नौ महीने के मासूम बच्चे समेत कुल तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है तथा जलभराव वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

पीएम मोदी ने किया उद्घाटन और शिलान्यास

राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात को 426.71 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

एकतानगर/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने गृह राज्य गुजरात के दौरे के दौरान एकतानगर में 426.71 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन, नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने 307.83 करोड़ रुपये की लागत वाली 23 परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जबकि 118.88 करोड़ रुपये की आठ अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुजरात पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद




उन्होंने एकतानगर और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़ी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) का होटल, एकता क्रूज, वर्षावन आकर्षण केंद्र, पर्यावरण पर्यटन पथ, मलजल और जल उपचार संयंत्र, चलती सीढ़ियां तथा विद्युत बसें शामिल हैं। इनके माध्यम से एकतानगर को प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है।

एकतानगर रेलवे स्टेशन के पास आईआरसीटीसी की ओर से 127 कमरों वाला आधुनिक होटल बनाया गया है। इस पर करीब 52.50 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। लगभग दो एकड़ क्षेत्र में विकसित इस होटल में चार श्रेणियों के कमरे, भोजनालय, जलपान गृह, सभागार, सम्मेलन कक्ष और तरणताल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

रेलवे स्टेशन के नजदीक होने के कारण रेल मार्ग से आने वाले पर्यटकों को यहां पहुंचने में आसानी होगी। अब तक तीन करोड़ से अधिक पर्यटक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भ्रमण कर चुके हैं। ऐसे में होटल की नई सुविधा से पर्यटकों को ठहरने का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। इससे पर्यटकों के एकतानगर में अधिक समय बिताने और स्थानीय पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

सरदार पटेल ने आजादी के बाद सिर्फ 1,218 दिन में वो करके दिखाया, जो सबको असंभव लगता था : अमित शाह

नई दिल्ली/एजेंसी।



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए कहा कि सरदार साहब का जीवन हर युवा के लिए त्याग और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा है। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, तब से सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल वह महान व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने न केवल देश के इतिहास को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्र भारत की भौगोलिक एकता को भी मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न रियासतों और राज्यों का एकीकरण कर देश को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज भारत का जो अखंड स्वरूप हमारे सामने है, उसके निर्माता सरदार पटेल थे।

एसआईआर के बाद भी मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे नाम, सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

नई दिल्ली/एजेंसी।

देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी बहस के बीच सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने का मतलब यह नहीं है कि मतदाता सूची में नए नाम जोडऩे का रास्ता बंद हो जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची से जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत दोबारा अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। न्यायालय ने हालांकि केरल, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पुनरीक्षण की समय-सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि मतदाता सूची में नाम जोडऩे की प्रक्रिया लगातार जारी रहती है। इसलिए एसआईआर की समय-सीमा अलग से बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने अदालत को बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में जिन लोगों के नाम शामिल नहीं हैं।

संपादकीय

असल सूरत की गलत व्याख्या

सरकार और रेज़ीम एक ही चीज नहीं हैं। सरकार लोगों का एक समूह है, जिसके पास सत्ता होती है। जबकि रेज़ीम नियमों की वो व्यवस्था है, जिसके तहत सत्ता पाई जाती है और उसका संचालन होता है।

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त विरोधी वर्तमान आंदोलन 'रेज़ीम चेंज' (शासन–तंत्र में परिवर्तन) के लिए है और इसमें कोई बुराई नहीं है। चूंकि उसके कुछ ही रोज पहले भूषण नेता विपक्ष राहुल गांधी के निवास पर एक बैठक में शामिल हुए थे, इसलिए भाजपा को इस बयान में कांग्रेस को घेरने का मौका नजर आया। यहां तक कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तक ने इस वक्तव्य को देश में अराजकता फैला कर सत्ता प्राप्त करने की कांग्रेस की कोशिश का प्रमाण बताया। कांग्रेस ने इसका जवाब यह कह कर दिया कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम ही सरकार को बेनकाब करना, विरोध करना और उसे पद से हटाने की कोशिश करना है।

मगर राजनीति–शास्त्र के नजरिए से देखें, तो सरकार और शासन–तंत्र एक ही चीज नहीं हैं। इसके मुताबिक सरकार लोगों का एक खास समूह है, जिसके हाथ में सत्ता होती है। जबकि रेज़ीम (शासन–तंत्र) नियमों की वह व्यवस्था है, जिनके जरिए सत्ता हासिल की जाती है और उसका संचालन किया जाता है। इस अर्थ में देखें तो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का 2014 में सत्ता में आना रेज़ीम चेंज साबित हुआ है। मोदी तब स्थापित या प्रचलित कायदों के जरिए सत्ता में जरूर आए, लेकिन उनकी सरकार ने सत्ता संचालन की रवायत, संदर्भ बिंदु और अनेक कायदों को बदल डाला है।

एक समझ है यह कि ऐसा कर चुकने के बाद वह सत्ता प्राप्त करने के कायदों को बदलने में जुटी हुई है। धारणा बनी है कि निर्वाचन आयोग इसी मकसद को लागू करने की एजेंसी बन गया है। फिलहाल छिड़ा सियासी आंदोलन इसी शिकायत से उपजा है। अतः ताजा बहस में मुद्दा है कि क्या मोदी विरोधी इस आंदोलन के जरिए पुरानी रवायतों को वापस लाने की बात कर रहे हैं या कोई नई व्यवस्था थोपना चाहते हैं? अगर नई व्यवस्था की बात नहीं है (जैसाकि प्रथम दृष्टि में दिखता है), तो वे असल में रेज़ीम चेंज के बजाय रेज़ीम बहाली की बात कर रहे हैं। इसे अराजकता या संवैधानिक दायरे से बाहर बताना संभवतः असल सूरत की गलत व्याख्या है।

राज्योत्सव पर विशेष आलेख

आधुनिक तकनीक से जीवंत हुईं जनजातीय अमर बलिदानियों की शौर्यगाथाएं

● **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में साकार हुआ जनजातीय स्वाभिमान का भव्य स्मारक**

डॉ.ओम डहरिया । छत्तीसगढ़ की पावन धरा सदियों से त्याग, तपस्या, संघर्ष और स्वाभिमान की साक्षी रही है। यहां के घने जंगलों, पर्वतों और वनांचलों में स्वतंत्रता की ऐसी अनगिनत गाथाएं जन्मीं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाकर रख दी थी। इतिहास के पन्नों में अपेक्षित स्थान नहीं पा सके इन जनजातीय नायकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को अब एक नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और जनजातीय कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में नवा रायपुर अटल नगर में निर्मित 'शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय' देश में जनजातीय शौर्य, स्वाभिमान और आधुनिक डिजिटल तकनीक के अनूठे संगम के रूप में उभरा है। यह भव्य संग्रहालय केवल ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि उन अमर बलिदानियों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का जीवंत प्रतीक है, जिन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर 1 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस भव्य संग्रहालय को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह अवसर केवल एक संग्रहालय के लोकार्पण का नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के संकल्प की सार्थक अभिव्यक्ति का था। लगभग 50 से 55 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह अत्याधुनिक संग्रहालय जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को डिजिटल तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली देश की विशिष्ट परियोजनाओं में शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और ऐतिहासिक योगदान को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। यह संग्रहालय उसी सोच का साकार स्वरूप है, जिसमें विकास के साथ अपनी जड़ों, संस्कृति और पुरखों के बलिदान को सहेजने का संकल्प निहित है।

अखंडता का संकल्प: सरदार पटेल और मजबूत भारत का सपना

कता केवल देश की सीमाओं से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, समान अवसर और सामाजिक सद्भाव से होती है

● **धनंजय राठौर, अशोक कुमार चन्द्रवंशी**



भारत की पहचान उसकी विविधता और एकता में है। यहाँ अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं, अलग-अलग संस्कृतियों और परंपराओं का पालन किया जाता है, फिर भी देशवासियों को एक सूत्र में बाँधने वाली भावना है-राष्ट्रीय एकता। यह एकता केवल देश की सीमाओं की रक्षा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बात से भी जुड़ी है कि हर नागरिक स्वयं को देश के साझा भविष्य का महत्वपूर्ण हिस्सा महसूस करे।

हर वर्ष 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करने के साथ-साथ आज के भारत में एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की जिम्मेदारी का एहसास कराता है।

सरदार पटेल ने रखी एकीकृत भारत की मजबूत नींव

वर्ष 1947 में देश की स्वतंत्रता के समय भारत के सामने अनेक चुनौतियाँ थीं। अंग्रेजी शासन समाप्त होने के बाद दे-शी रियासतों को भारतीय संघ में शामिल करना एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे समय में देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने वी. पी. मेनन और अन्य अधिकारियों के सहयोग से संवाद, समझदारी और दृढ़ नेतृत्व के माध्यम से रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया, जिन्होंने 560 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय कर देश को एक सूत्र में पिरोया। देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को मजबूत करने तथा आंतरिक एवं बाहरी चुनौतियों का सामना करने के लिए राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों ने एक मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2014 से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में विशेष रूप से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी', राष्ट्रीय एकता की शपथ और विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया जाता है। सरदार पटेल की विरासत हमें सिखाती है कि विभिन्न विचारों, हितों और पहचानों के बीच तालमेल बनाकर ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

» आज विकास के साथ एकता को मजबूत करना भी जरूरी

होगा देश

आज भारत के सामने चुनौती रियासतों को एकजुट करने की नहीं, बल्कि विकास के लाभों को देश के प्रत्येक क्षेत्र और नागरिक तक पहुँचाने की है। सड×क, रेल, बिजली, संचार और डिजिटल सुविधाओं का विस्तार दूरस्थ क्षेत्रों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। इससे लोगों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापार के बेहतर अवसर मिल सकते हैं। हालाँकि, केवल बुनियादी ढाँचे का विकास ही राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए यह भी जरूरी है कि विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को विकास के समान अवसर मिलें, सार्वजनिक सेवाएँ सुलभ हों और उनकी आवश्यकताओं को उचित महत्व दिया जाए।

लोकतंत्र की स्थिरता, स्वतंत्रता की रक्षा और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय एकता और एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। जब तक पूरा राष्ट्र एकता की भावना से बंध नहीं जाता, तब तक देश में कोई विकास या आर्थिक प्रगति संभव नहीं है। इसलिए, राष्ट्रीय एकीकरण को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। राष्ट्रीय एकीकरण की रक्षा के लिए हमें एक मजबूत राष्ट्र की आवश्यकता है। अतः जाति, क्षेत्रवाद, धर्म आदि पर केंद्रित संकीर्ण सोच से दूर रहकर हमें विघटनकारी तत्वों का दमन करना चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और अन्य जनकल्याणकारी योजनाएँ लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान देती हैं। जब शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचता है और लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं, तब व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ता है। यही विश्वास राष्ट्रीय एकता की नींव को मजबूत करता है।

» सहकारी संघवाद से मजबूत

बढ़ेगी आपसी समझ

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड×क, रोजगार, उद्योग और आंतरिक सुरक्षा जैसे विषयों पर मिलकर काम करने से विकास को गति मिलती है। लोकतंत्र में राजनीतिक विचारों और क्षेत्रीय आकांक्षाओं में अंतर होना स्वाभाविक है। महत्वपूर्ण यह है कि इन मतभेदों का समाधान संवाद, संवैधानिक मूल्यों और आपसी सम्मान के माध्यम से किया जाए। जब विभिन्न सरकारें और संस्थाएँ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जनहित को प्राथमिकता देती हैं, तब राष्ट्रीय एकता और मजबूत होती है। विकास की योजनाओं में स्थानीय जरूरतों का ध्यान रखना भी आवश्यक है, ताकि दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों के नागरिक स्वयं को देश की विकास यात्रा से जुड़ा हुआ महसूस करें।

विविधता का सम्मान ही भारत की असली ताकत

भारत की एकता का अर्थ यह नहीं है कि सभी लोग एक जैसी भाषा बोलें, एक जैसी परंपराएँ अपनाएँ या एक जैसे विचार रखें। भारत की वास्तविक ताकत इस बात में है कि अलग-अलग पहचान और जीवनशैली वाले लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हुए साथ रह सकें। डिजिटल संचार के इस दौर में सूचनाएँ तेजी से फैलती हैं। ऐसे में अफवाहों से बचना, किसी भी सूचना की सत्यता जाँचना और जिम्मेदारी के साथ अपनी बात रखना पहले से अधिक जरूरी हो गया है। समाज में अविश्वास और तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों के बजाय संवाद, सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए।

राष्ट्रीय एकता केवल सरकारी कार्यक्रमों या संदेशों से कायम नहीं रह सकती। इसे मजबूत बनाने के लिए नागरिकों के दैनिक व्यवहार में समानता, संवेदनशीलता और परस्पर सम्मान का होना आवश्यक है।

» 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' से

बढ़ेगी आपसी समझ

देश की सांस्कृतिक विविधता को समझने और राज्यों के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल शुरू की गई। इसके माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा पारस्परिक समझ को बढ़ावा दिया जाता है। शैक्षणिक गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतरराज्यीय यात्राएँ और विभिन्न क्षेत्रों की कला एवं परंपराओं से परिचित कराने वाले आयोजन विशेष रूप से युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित कर सकते हैं। 1 से 15 नवंबर 2026 तक एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर भारत पर्व का आयोजन भी किया जाएगा।

युवा देश का भविष्य हैं। शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा, स्वच्छता और जनजागरूकता जैसे कार्यों में उनकी भागीदारी समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जब युवा क्षेत्रीय और भाषाई भेदभाव से ऊपर उठकर देशहित को प्राथमिकता देते हैं, तब एक मजबूत और समावेशी भारत का मार्ग प्रशस्त होता है।

» राष्ट्रीय एकता एक निरंतर जिम्मेदारी

राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा कर्तव्य है। देश की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव, विकास के समान अवसर, सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास भी स्थायी शांति के लिए आवश्यक हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के राजनीतिक एकीकरण में ऐतिहासिक योगदान दिया। वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह समावेशी विकास, सामाजिक न्याय, आपसी सम्मान और संवैधानिक मूल्यों के माध्यम से इस एकता को और मजबूत बनाए।

आज का राशिफल

मेष राशि

मेष राशि वालों आज किसी भी काम को पूरा करने में जल्दबाजी ना करें, नहीं तो उस काम में कुछ कमियां रह जाएंगी। स्टूडेंट्स का मन पढ़ाई में कम और मोबाइल पर ज्यादा रहेगा। आज आप अपने फिजूल खर्चो पर काबू बनाए रखें। आज कार्यक्षेत्र में वृद्धि के लिए आपके मन में कुछ नए आइडिया आएंगे। संतान पक्ष की ओर से खुशखबरी मिलेगी। सही दिशा में किया गया उचित प्रयास जल्द ही आपको सफलता दिलाएगा। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है।

वृषभ राशिः

वृष राशि वालों आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। पहले से ही किए हुए निवेश का आज आपको फायदा मिलेगा। आज आप किसी खास मित्र की मदद करेंगे। आज आपके कारोबार में बड़ा बदलाव आएगा। लंबे समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज आप अपनी मेहनत से कठिन से कठिन कार्य को पूरा करने में सफल होंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे, जिससे आपको खुशी का अनुभव होगा। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप अपने भविष्य को आगे बढ़ाने की योजनाओं पर ध्यान देंगे। आज के दिन करीबी रिश्तेदार आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। आज घर के बड़ों का सहयोग आपके साथ रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। आपका समय परिवार वालों के साथ अधिक बीतेगा। जीवनसाथी की भावनाओं को समझने की कोशिश करेंगे। बच्चों का ज्यादा समय खेलने कूदने में बीतेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आपका समय अच्छा बीतेगा।

कर्क राशिः

कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको अपनी बचत में से कुछ पैसा निकालने की जरूरत पड़ सकती है। आज आप अपने बच्चों को कुछ अच्छा सिखा सकते हैं, जो उनके भविष्य में उन्हें काम आएगा। आज जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते अच्छे बनेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका ज्ञान बढ़ेगा। आज बेकार के कामों में अपना समय खराब न करें।

सिंह राशिः

सिंह राशि वालों आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज आप जिस काम को पूरा करने की कोशिश करेंगे, वो आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी दोस्त से मुलाकात आपको फायदा दिला सकती है। आज परिवार के लोगों के बीच मधुरता बढ़ेगी। आज आप अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए थोड़ा अधिक प्रयास करेंगे, इसमें पिता का सहयोग आपको प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहने वाला है।

कन्या राशिः

कन्या राशि वालों आज कामकाज के बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। दूसरों की सलाह पर ध्यान देंगे, तो वह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। छात्रों को आज शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त होगी। आज आपको ऑफिस के किसी काम से यात्रा करना पड़ेगा। कारोबारियों को आज उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा। नवविवाहित दंपत्ति आज परिवार वालों को खुशी की वजह देंगे। आज सेहत संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। आप अपने परिवार वालों को नई डिश बनाकर खिला सकते हैं, जिससे आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

तुला राशिः

तुला राशि वालों आज आपके जीवन में कई नए बदलाव आएंगे, जो आपके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होंगे। सोशल मीडिया पर नए लोगों से आपकी दोस्ती होगी। आज समाज में आपकी अलग पहचान बनेगी, तरक्की के नए अवसर आपके सामने आएंगे। दोस्तों के साथ मिलकर नया व्यापार शुरू करने की सोचेंगे। जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, आज उन्हें अच्छा क्लाइंट मिलेगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने को भी मिलेगा। आपके धन–धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

वृश्चिक राशिः

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। छात्रों को आज कहीं से करियर संबंधी शुभ सूचना मिलेगी, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा बनेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे, जिससे आपके रिश्तों में मजबूती आएगी। बच्चे माता पिता के साथ पार्क में जाने की जिद करेंगे। सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को आज जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। बच्चों की खिलखिलाहट से घर में पॉजिटिविटी बनी रहेगी।

धनु राशिः

धनु राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर के रुके हुए सभी काम आज आसानी से पूरे होंगे। किसी बात को लेकर आपके मन में उत्सुकता बनी रहेगी। आपकी बातों को लोग गंभीरता से सुनेंगे और उस पर अमल भी करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत होगा। आज घर पर धार्मिक कार्यों का आयोजन होगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा।

मकर राशिः

मकर राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज कार्यों को पूरा होने में कुछ अधिक समय लगेगा। इस राशि के जो लोग ऑनलाइन व्यापार करते हैं, आज उन्हें बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कार्यों को पूरा करने में परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी पर भरोसा बनाए रखने से रिश्तों में मजबूती आएगी। बच्चे माता से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आएगा। धन लाभ के नए स्रोत नजर आ सकते हैं।

कुंभ राशिः

कुंभ राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। आज कुछ पुराने दोस्तों से फोन पर लंबी बात होगी, जिनके साथ आप अपनी पुरानी यादें भी ताजा करेंगे। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। छात्रों को आज किसी टॉपिक को समझने में सहपाठियों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में निरंतरता बनी रहेगी। छोटे बच्चे आज किसी खिलौने की डिमांड अपने माता पिता से करेंगे। इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं। प्राइवेट कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

मीन राशिः

मीन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा, जिसमें गुरुओं का सहयोग प्राप्त होगा। आज घर पर थोड़े व्यावहारिक रहने की कोशिश करेंगे, जिससे लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस राशि के जो लोग वकील हैं, उनको नया केस मिलेगा। केमिस्ट की शॉप वाले लोगों को आज अच्छा मुनाफा होगा। आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। भाई बहन के रिश्तों में मजबूती आएगी।

सू- दोकू क्र. 203

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू–दोकू क्र.202 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3

शब्द सामर्थ्य -203


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 202 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

संक्षिप्त समाचार

डग सड़क पर बने गहरे गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता

- मरम्मत के नाम पर लुक्का-छिपी का खेल
- ठेकेदार ने सड़क खोदकर छोड़ी,आए दिन हो रहे हादसे, जिम्मेदार अधिकारी मौन



चमकता राजस्थान/डग-31 अक्टूबर(कुन्दन व्यास)। डग कस्बे में स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल से लेकर पशु प्रजनन केंद्र तक मुख्य सड़क की हालत बदतर होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं और हादसों को न्योता दे रहे हैं।बताया जा रहा है कि ठेकेदार द्वारा करीब तीन माह पूर्व सड़क को खोदकर गड्ढे कर दिए गए थे, लेकिन उन्हें भरना और सड़क की मरम्मत करना भूल गए।लंबे समय से सड़क की यही स्थिति बनी हुई है।गड्ढों के कारण आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को आने-जाने में सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, इसके बावजूद संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या की सुध लेने को तैयार नहीं हैं।इस संबंध में अएठ चौमहला लखन लाल बैरवा से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि ₹ मेरे द्वारा ठेकेदार को अवगत करवा दिया है।अगर वह दो दिन में सड़क को सही नहीं करवाता है तो दो दिन बाद री-टेंडर लगा दूंगा।अब देखना यह है कि ठेकेदार अधिकारी की बात सुनता है या नहीं और सोमवार से पहले रोड ठीक होता है कि नहीं।

बाड़ी थाना परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित



चमकता राजस्थान/धौलपुर संवाददाता :रामदास तरुण/बाड़ी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत पुलिस थाना बाड़ी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश की सुरक्षा के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में गुजरात के एकता नगर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया। इस अवसर पर आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सीएलजी बैठक भी आयोजित की गई। थाना अधिकारी प्रेम कुमार शर्मा के अनुसार शनिवार शाम 4:45 बजे आयोजित बैठक में एडिशनल एसपी श्रवण कुमार, डीएसपी महेंद्र कुमार मीणा एवं सदर थाना प्रभारी मोहर सिंह मीणा सहित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, महिला पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने आगामी त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजन से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं त्योहारों के दौरान आवश्यक पुलिस प्रबंधों को लेकर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और आमजन के आपसी समन्वय से ही क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है।

कालड़ा हॉस्पिटल के पास दाल मिल रोड सहित वार्ड 5, 16, 32 और बस स्टैंड क्षेत्र में पर्ची सट्टा चलने के आरोप

पुलिस की नाक के नीचे लाखों का कथित पर्ची सट्टा! आखिर किसके संरक्षण में फल-फूल रहा कारोबार?

श्रीगंगानगर के कथित नारंग सेठ से जुड़े होने की चर्चा, क्या रायसिंहनगर पुलिस करेगी निष्पक्ष जांच?

चमकता राजस्थान

रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)। शहर में कथित अवैध पर्ची सट्टे का कारोबार पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। कालड़ा हॉस्पिटल के नजदीक दाल मिल रोड सहित शहर के विभिन्न इलाकों में खुलेआम पर्ची सट्टा लिखे जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। चर्चा है कि इस कारोबार में प्रतिदिन लाखों रुपए का लेनदेन होता है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्थानीय स्तर पर इस कथित कारोबार के तार श्रीगंगानगर के एक व्यक्ति, जिसे नारंग सेठ के नाम से बताया जा रहा है, से जुड़े होने की चर्चा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पुलिस इन चर्चाओं की तह तक जाकर वास्तविक संचालकों का पता लगाएगी या कार्रवाई महज छोटे स्तर पर पर्ची लिखने वालों तक सीमित रह जाएगी?

» शहर में कई जगह कथित सट्टे के ठिकाने, पुलिस की चुप्पी पर सवाल

कालड़ा हॉस्पिटल के नजदीक दाल मिल रोड के अलावा वार्ड संख्या 5, 16, 32 तथा बस स्टैंड क्षेत्र में भी पर्ची सट्टा संचालित होने के आरोप लगाए जा रहे हैं।



यदि शहर में इतने स्थानों पर अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं, तो पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आखिर इन गतिविधियों की जानकारी पुलिस को क्यों नहीं मिल रही? और यदि जानकारी है, तो प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

» नारंग सेठ के नाम की चर्चा, क्या पुलिस करेगी जांच?

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल कथित कारोबार के पीछे सक्रिय लोगों को लेकर है। श्रीगंगानगर के नारंग सेठ का नाम चर्चाओं में आने के बाद आवश्यक हो गया है कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट करे। बिना जांच किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन सामने आ रहे आरोपों की अनदेखी भी उचित नहीं होगी।

» अब रायसिंहनगर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी निगाहें

क्या रायसिंहनगर पुलिस दाल मिल रोड सहित बताए गए सभी स्थानों पर जांच कर कार्रवाई करेगी? क्या कथित पर्ची सट्टे के वास्तविक संचालकों तक पहुंचा जाएगा? सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर रायसिंहनगर में कथित पर्ची सट्टे का कारोबार किसकी शह पर फल-फूल रहा है? पुलिस इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचेगी या फिर कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होगी?

धौलपुर-गढ़ी सांद्रा नई रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त ने किया गहन निरीक्षण

121 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हुआ गति परीक्षण

चमकता राजस्थान

धौलपुर संवाददाता :रामदास तरुण धौलपुर। आगरा मंडल में रेल अवसंरचना के विकास और सुरक्षित रेल परिचालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए धौलपुरझझसरमथुरा रेल खंड के अंतर्गत धौलपुरझझगढ़ी सांद्रा नई रेल लाइन का शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 को रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्वी परिक्षेत्र श्री ई. श्रीनिवास ने गहन निरीक्षण एवं गति परीक्षण किया। इस दौरान धौलपुर से गढ़ी सांद्रा के बीच लगभग 19.8 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का बारीकी से जायजा लिया गया।

धौलपुरझझसरमथुरा रेलखंड का नैरोगेज से ब्रॉडगेज में आमान परिवर्तन होने से क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी का विस्तार होगा। साथ ही यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने और रेल परिचालन को अधिक सुगम बनाने में भी मदद मिलेगी।निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने मोटर ट्रॉली के माध्यम से नई रेल लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया। सर्वप्रथम





धौलपुर रेलवे स्टेशन के पैनल रूम का निरीक्षण कर सिग्नलिंग एवं परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद धौलपुर से गढ़ी सांद्रा रेलखंड में रेलवे ट्रैक, समपार फाटकों, सिग्नल प्रणाली तथा अन्य संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में नुरपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां उपलब्ध परिचालन एवं संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इसके बाद नुरपुरा से गढ़ी सांद्रा रेलखंड का भी विस्तृत निरीक्षण किया गया। गढ़ी सांद्रा रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर स्टेशन की परिचालन एवं संरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत गढ़ी सांद्रा से धौलपुर के बीच सीआरएस स्पेशल ट्रेन के माध्यम से गति परीक्षण (स्पीड ट्रायल) किया गया। इस दौरान ट्रेन को 121 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलाकर नवनिर्मित रेल लाइन की क्षमता, ट्रैक की गुणवत्ता एवं निर्धारित तकनीकी मानकों का परीक्षण किया गया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण एवं गति परीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्वी परिक्षेत्र श्री ई. श्रीनिवास, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री अजीत सिंह यादव तथा मंडल रेल प्रबंधक, आगरा श्री गगन गोयल सहित आगरा मंडल एवं मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे। यह निरीक्षण एवं गति परीक्षण धौलपुरझगढ़ी सांद्रा नई रेल लाइन पर संरक्षा मानकों की जांच तथा सुरक्षित एवं सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर तहसील कार्यालय मनोहर थाना में शपथ ग्रहण कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़/मनोहर थाना। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 31 अक्टूबर को तहसील कार्यालय मनोहर थाना में तहसीलदार श्री माधोलाल



बैरवा द्वारा समस्त तहसील स्टाफ को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया।

रन फॉर यूनिटी रैली में अव्यवस्थाओं का आलम, रैली में घुसा सांड, बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे



चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल जिला संवाददाता /सवाई माधोपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय पर 'रन फॉर यूनिटी' रैली का आयोजन किया गया। दशहरा मैदान से सर्किट हाउस तक निकाली गई इस रैली को अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ अधिकारी, कर्मचारी और आमजन शामिल हुए। लेकिन आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं की कमी भी देखने को मिली। रैली में छोटे-छोटे स्कूली बच्चे शामिल थे, इसी दौरान एक आवारा सांड रैली में घुस आया। सांड को दौड़ता देख रैली में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि सांड की चपेट में आने से स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

इस घटना ने रैली के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए। इतने बड़े आयोजन में छोटे बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए आवारा पशुओं की रोकथाम और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जाने जरूरी थे। हादसा टलने के बाद भी यह सवाल बना हुआ है कि आखिर बच्चों की सुरक्षा को लेकर पहले से पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए?

रायसिंहनगर PNB बैंक में 14 लाख की कथित हेराफेरी, कर्मचारी के खिलाफ FIR दर्ज

- 15 लाख में से BNA मशीन में महज एक लाख रुपये जमा करने का आरोप, व्हाट्सएप पर गलती स्वीकारने और परिजनों द्वारा राशि लौटाने की बात आई सामने



चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)। रायसिंहनगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक (PNB) की शाखा में 14 लाख रुपये की कथित हेराफेरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बैंक के शाखा प्रबंधक अभिमन्यु अरोड़ा की शिकायत पर कर्मचारी ईश्वर पंवार के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला 19 सितंबर का बताया जा रहा है। आरोप है कि बैंक कर्मचारी ईश्वर पंवार को 15 लाख रुपये की राशि इठअ मशीन में जमा करनी थी, लेकिन मशीन में महज एक लाख रुपये ही जमा किए गए। शेष 14 लाख रुपये का हिसाब नहीं मिलने पर बैंक में हड़कंप मच गया।

» व्हाट्सएप पर गलती स्वीकारने का दावा, परिजनों ने लौटाई राशि

शिकायत के अनुसार, कर्मचारी ईश्वर पंवार ने कथित तौर पर व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी गलती स्वीकार की। मामला सामने आने के बाद आरोपी कर्मचारी के परिजनों द्वारा 14 लाख रुपये की राशि बैंक को वापस लौटाए जाने की बात भी सामने आई है।

हालांकि राशि वापस लौटाए जाने के बावजूद बैंक प्रबंधन ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

» ASI भोलूराम को सौंपी जांच

शाखा प्रबंधक अभिमन्यु अरोड़ा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई भोलूराम को सौंपी है। पुलिस अब बैंक के रिकॉर्ड, लेनदेन और अन्य तथ्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। बड़ा सवालः बैंक जैसी जिम्मेदार संस्था में 15 लाख रुपये की राशि में से 14 लाख रुपये की कथित हेराफेरी आखिर कैसे हुई? क्या बैंक की आंतरिक निगरानी व्यवस्था में भी कोई चूक रही? फिलहाल पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

भ्रष्टाचार मुक्त नगरपालिका के दावों के बीच निर्माण कार्य पर उठे सवाल, नगरपालिका परिसर में ही इंटरलॉकिंग की गुणवत्ता संदेह के घेरे में!

सीमेंट के नाम पर खानापूर्ति का आरोप, क्या छुट्टियों का फायदा उठाकर जल्दबाजी में काम निपटा रहे ठेकेदार? आखिर कौन करेगा जांच?

चमकता राजस्थान

रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)। नगरपालिका चुनावों से पहले बैठकों में एक ही चर्चा जोर पकड़ रही थी कि इस बार रायसिंहनगर को भ्रष्टाचार मुक्त नगरपालिका मिलेगी और ऐसा अध्यक्ष बनेगा जो विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देगा। लेकिन अब नगरपालिका परिसर के अंदर ही चल रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य ने इन दावों पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। नगरपालिका परिसर में चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य में कथित तौर पर घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल किए जाने और सीमेंट की मात्रा बे-हद कम होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के बजाय महज औपचारिकता निभाई जा रही है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब नगरपालिका अपने ही परिसर



में हो रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं कर पा रही है तो शहर के अन्य विकास कार्यों की निगरानी कैसे होगी?

» क्या छुट्टियों की आड़ में जल्दबाजी से निपटाया जा रहा निर्माण कार्य?

निर्माण कार्य के समय को लेक र भी सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या छुट्टियों का फायदा उठाकर ठेकेदार जल्दबाजी में इंटरलॉकिंग का काम पूरा करने में लगे हैं? आखिर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी किस अधिकारी की है? क्या संबंधित तकनीकी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सीमेंट, बेस और अन्य सामग्री की जांच की है?

» भ्रष्टाचार मुक्त नगरपालिका का नारा केवल चुनावी बैठकों तक सीमित?

चुनावों से पहले भ्रष्टाचार मुक्त नगरपालिका बनाने की चर्चाएं खूब हुई थीं, लेकिन अब जरूरत उन दावों को धरातल पर उतारने की है। यदि नगरपालिका परिसर में ही घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के आरोप लग रहे हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल पैदा करती है। सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि क्या नगरपालिका अध्यक्ष और जिम्मेदार अधिकारी इस निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करवाएंगे या फिर बिना गुणवत्ता जांच के ही ठेकेदार का भुगतान कर दिया जाएगा?

» निर्माण कार्य की हो तकनीकी जांच, गुणवत्ता सही मिलने पर ही हो भुगतान

नगरपालिका प्रशासन को चाहिए कि इंटरलॉकिंग कार्य में इस्तेमाल हो रही सामग्री, सीमेंट की मात्रा, निर्धारित मापदंडों और स्वीकृत एस्टीमेट की तकनीकी जांच करवाई जाए। जांच पूरी होने तक संबंधित निर्माण कार्य का अंतिम भुगतान रोका जाए। अब देखना यह होगा कि भ्रष्टाचार मुक्त नगरपालिका का दावा करने वाले जिम्मेदार इस मामले में कार्रवाई करते हैं या फिर गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल भी फाइलों में दबकर रह जाएंगे।

सवाल सीधा है—जब नगरपालिका के अपने आंगन में ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता सवालों के घेरे में हो, तो पूरे शहर के विकास कार्यों की गारंटी कौन लेगा?

एकता नगर की एकता परेड-2026 का बड़ी स्क्रीन पर हुआ सीधा प्रसारण,

राष्ट्रीय एकता दिवस पर चित्रकूट थाने में भव्य आयोजन, डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने दिया राष्ट्र की एकता-अखंडता का संदेश

पुलिस अधिकारियों, जवानों, एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक की सहभागिता

- **सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान को किया नमन**
- **प्रदेश के सभी पुलिस थानों में आयोजित हुआ सीधा प्रसारण,**

चमकता राजस्थान







जयपुर। (खलील कुरैशी) राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जयपुर पुलिस आयुक्तालय की ओर से शनिवार को जयपुर पश्चिम स्थित चित्रकूट पुलिस थाने में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में शाम 5:30 बजे गुजरात के एकता नगर में आयोजित एकता परेड-2026 का बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया आयोजन का उद्देश्य लौह-पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान, उनके आदर्शों तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामूहिक उत्तरदायित्व के संदेश को पुलिसकर्मियों के साथ आमजन तक पहुंचाना रहा।

» डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने सरदार पटेल के आदर्शों को बताया राष्ट्र की शक्ति

मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय और अविस्मरणीय है। सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता, अखंडता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प ने देश को एकजुट करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखना प्रत्येक नागरिक और संस्थान की सामूहिक जिम्मेदारी है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण से कार्य करना होगा।

उन्होंने राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लेने का आ''ान किया।

प्रदेश के सभी पुलिस थानों में एकता परेड का सीधा प्रसारण

डीजीपी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी पुलिस थानों में एकता परेड के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई, ताकि पुलिस तंत्र के माध्यम से राष्ट्रीय महत्व के इस आयोजन और उसके संदेश को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाया जा सके। इस पहल से पुलिस और आमजन के बीच सहभागिता बढ़ाने के साथ राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूकता एवं सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित किया गया।

» पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताई आयोजन की महत्ता

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि गुजरात के एकता नगर में आयोजित एकता परेड-2026 का चित्रकूट थाने में बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। इसका उद्देश्य पुलिस थानों को राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों से जोड़कर आम नागरिकों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संदेश से सहभागी बनाना है। पुलिस थानों के माध्यम से इस प्रकार के आयोजन नागरिकों में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, सामाजिक समरसता और एकजुटता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों की सहभागिता

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, सामुदायिक पुलिसिंग से जुड़े प्रतिनिधियों, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन ने एकता परेड का सीधा प्रसारण देखा। सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की

» ये वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण रहें मौजूद

इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश, उप महानिरीक्षक पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात एवं प्रशासन) प्रदीप मोहन शर्मा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) प्रवीण नायक नूनावत, उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण, उपायुक्त (मुख्यालय) अनुष्ठा कालिया, आईपीएस अदिति उपाध्याय सहित जयपुर पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रहित, एकता और अखंडता के विचारों को जनमानस तक पहुंचाने तथा पुलिस और नागरिकों की साझी भागीदारी से सशक्त, सुरक्षित एवं एकजुट राष्ट्र के निर्माण का प्रेरक माध्यम बना।

संक्षिप्त समाचार

नर्सिंग सेवाओं के बिना अधूरी है चिकित्सा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत आधारशिला हैं नर्सिंगकर्मी : देवनानी

- **विधानसभा अध्यक्ष ने गीतांजलि विश्वविद्यालय में नर्सेज एसोसिएशन के राज्य स्तरीय सम्मेलन का किया शुभारंभ,**
- **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, प्रशासनिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर दिया जोर**
- **बोले–नर्सिंग केवल पेशा नहीं, मानव सेवा का संकल्प; निरोगी राजस्थान से साकार होगा विकसित भारत का लक्ष्य**



चमकता राजस्थान/उदयपुर। (खलील कुरैशी) 31 अक्टूबर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि नर्सिंग सेवाओं के बिना चिकित्सा व्यवस्था अधूरी है। मरीजों की देखभाल, उनका मनोबल बढ़ाने और उपचार के दौरान मानसिक संबल प्रदान करने में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नर्सिंगकर्मी स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत आधारशिला हैं। उन्हें बदलते चिकित्सा परिदृश्य के अनुरूप ज्ञान, कौशल और कार्यशैली विकसित करने के साथ प्रशासनिक दक्षता, अनुसंधान एवं नेतृत्व क्षमता पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।देवनानी शनिवार को उदयपुर के गीतांजलि विश्वविद्यालय सभागार में नर्सेज एसोसिएशन के राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नर्सिंग की भूमिका अब केवल रोगी देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में नर्सिंगकर्मियों को कुशल प्रबंधक और नेतृत्वकर्ता के रूप में भी आगे आना होगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के ज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े नीतिगत निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में नर्सिंग स्टाफ की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए, ताकि उनके व्यावहारिक अनुभव और सुझावों से चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, समर्पण और मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ इस क्षेत्र में रोजगार और विकास की संभावनाएं भी लगातार बढ़ेंगी।

देवनानी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए समन्वित प्रयास कर रही हैं। निरोगी राजस्थान का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेगा। स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के चलते राजस्थान मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में भी अपनी पहचान स्थापित कर रहा है और विदेशों से लोग उपचार के लिए प्रदेश पहुंच रहे हैं।उन्होंने उदयपुर जैसी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी में राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नर्सिंग क्षेत्र की चुनौतियों, संभावनाओं और भविष्य की दिशा पर सार्थक मंथन का अवसर प्रदान करते हैं।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सम्मेलन के उपलक्ष्य में प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित गणमान्य अतिथि, प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में नर्सिंगकर्मी उपस्थित रहे।

शिखर अग्रवाल प्रकरण पर गहलोत ने उठाए सवाल, बोले— एसीबी की जांच पर भरोसा कैसे करें?

विला आवंटन मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार और एसीबी की कार्यप्रणाली पर उठाई उंगली

चमकता राजस्थान



जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल से जुड़े मामले को लेकर राज्य सरकार और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने कहा कि एसीबी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अधीन है, ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर संदेह बना हुआ है। उन्होंने प्रारंभिक जांच (पीई) को एफआईआर में बदलकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान गहलोत ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक कंपनी के पक्ष में फैसला हुआ था और शिखर अग्रवाल मुख्यमंत्री के करीबी अधिकारी रहे हैं। ऐसे में मामले की जांच पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए, ताकि तथ्यों का खुलासा हो सके।

- **विला आवंटन पर भी उठाए सवाल**

गहलोत ने विला आवंटन के मामले का जिक्र करते हुए पत्रकारों को 75 लाख रुपए में फ्लैट देने की बात और एक करोड़ रुपए कीमत का विला 15 लाख रुपए में दिए जाने के कथित मामले पर सवाल उठाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि पत्रकारों और आम जनता को भी ऐसी सुविधा मिले, तो कई लोगों का भला हो सकता है।

- **महिला अधिकारी को बताया 'सुपर डीजी'**

गहलोत ने एसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि एसीबी के डीजी दबाव में काम कर रहे हैं और एडीजी स्तर की एक महिला अधिकारी का प्रभाव डीजी से भी अधिक है। गहलोत ने उन्हें 'सुपर डीजी' बताते हुए दावा किया कि अधिकारियों को निर्देश देने और कार्रवाई की दिशा तय करने में उनकी अहम भूमिका है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने पूरे मामले में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि केवल प्रारंभिक जांच तक सीमित रहने के बजाय मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच की जानी चाहिए।

विश्वविद्यालय की उन्नति सामूहिक संकल्प और समर्पण से ही संभव :- कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत

विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी विश्वविद्यालय की आधारशिला

चमकता राजस्थान



जयपुर। (खलील कुरैशी) राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा, प्रगति और सर्वांगीण विकास सामूहिक संकल्प, समर्पण, आपसी विश्वास और सहभागिता से ही संभव है। विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी विश्वविद्यालय की वास्तविक आधारशिला हैं तथा संस्थान की उन्नति सभी की साझा जिम्मेदारी है विश्वविद्यालय के मासिक सेवानिवृत्ति समारोह में प्रो. रामावतार शर्मा का सम्मान करते हुए कुलगुरु ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा का समापन नहीं, बल्कि वर्षों की निष्ठा, परिश्रम और कर्तव्यपरायणता का सम्मान एवं नई पारी की शुरुआत है।कार्मिक की वास्तविक उपलब्धि उसके कार्यों, स्थापित आदर्शों और संस्थान के लिए छोड़ी गई सकारात्मक विरासत में निहित होती है। सेवानिवृत्त कार्मिकों का अनुभव और योगदान सदैव स्मरणीय रहता है।प्रो. सारस्वत ने कहा कि विश्वविद्यालय एक परिवार और मातृसंस्था है। शिक्षक इसकी आत्मा और समाज के भविष्य के निर्माता हैं। उनका दायित्व विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उनमें ज्ञान, विवेक, नैतिकता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। शिक्षण, शोध और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए उन्होंने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि उनकी दक्षता, ईमानदारी और समर्पण से संस्थान की कार्यक्षमता एवं प्रतिष्ठा मजबूत होती है। कर्मचारियों की पदोन्नति, पेंशन और सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध होना चाहिए।कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाली संस्था नहीं, बल्कि ज्ञान, शोध, नवाचार और सामाजिक परिवर्तन का केंद्र है। इसकी सफलता के लिए सम्मानजनक कार्यसंस्कृति, बेहतर संवाद, आपसी सहयोग और संस्थानहित को सर्वोपरि रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवा का औपचारिक समापन हो सकता है, लेकिन अनुभव, ज्ञान, संस्कार और समाज के प्रति योगदान की यात्रा कभी समाप्त नहीं होती।

- **आपसी सहयोग और सकारात्मक कार्यसंस्कृति से ही संस्थान बनेगा सशक्त**
- **मासिक सेवानिवृत्ति समारोह में प्रो. रामावतार शर्मा का सम्मान;**
- **शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, कर्मचारी कल्याण और संस्थागत उत्तरदायित्व पर दिया जोर**

पंचायत चुनावः राज्य निर्वाचन आयुक्त ने ब्यावर में मतदान केंद्रों का लिया जायजा



चमकता राजस्थान

ब्यावर। पंचायत आम चुनाव के तीसरे चरण के मतदान की तैयारियों के संबंध में शनिवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह ने ब्यावर जिले के निमाज ओर विराटिया खुर्द के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लेक र अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्ट्रेट में मीडिया से रूबरू होकर उन्होंने चुनाव तैयारियों की जानकारी साझा की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी पूरी गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए मतदान की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं।

- **निष्पक्षता से कराएं चुनाव, दिव्यांगों और बुजुर्गों को मतदान में नहीं हो परेशानी**
- **कलेक्ट्रेट में मीडिया से रूबरू होकर दी चुनाव तैयारियों की जानकारी**

» मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें

आयुक्त ने मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा एवं सुरक्षित रखरखाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए।

» दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मिले सुगम सुविधाएं

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए सुगम आवागमन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें, ताकि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मतदाताओं की सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवाभाव से करें ग्राम विकास के कार्य, बिना भेदभाव ग्रामीणों को साथ लेकर जनकल्याण को दें प्राथमिकता—संदेश नायक

जयपुर की 112 ग्राम पंचायतों को मिले नए सरपंच, जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने दी शुभकामनाएं

पंचायतीराज चुनाव के द्वितीय चरण में पांच पंचायत समितियों में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न, 30 अक्टूबर को हुआ था मतदान

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) 31 अक्टूबर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के द्वितीय चरण के तहत जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों की 112 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हो गई है। 30 अक्टूबर को हुए मतदान के बाद निर्वाचित सरपंचों की घोषणा की गई।जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि द्वितीय चरण में पंचायत समिति आमेर, जालसू, अमरसर, रामपुरा डाबड़ी एवं शाहपुरा की ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्वाचित हुए हैं।

● निर्वाचित सरपंचों का विवरण

आमेर पंचायत समितिः अचरोल से गुल्ला राम यादव, कंवरपुरा से राजेन्द्र कुमार जाट, कांट से कैलाश चंद मीणा, कालवाड़ से प्रभुदयाल मीणा, कूकस से राकेश अटल, खोरा मीणा से छोटा बाई मीणा, घठवाड़ा से गुल्ली देवी, चंदवाजी से गुलाब देवी, चिताणु कलां से संतोष देवी, चोंप से कैलाश इन्दौरा, छापराड़ी से सूरजमल मीणा, जुगलपुरा से गीता बुनकर, ढण्ड से प्रदीप कुमार मीणा, देव का हरवाड़ा से उर्मिला बुनकर, दौलतपुरा से ज्ञानी देवी, नांगल सुसावतान से ममता मीणा, बगवाड़ा से उर्मिला देवी शर्मा, बिलौची से मनभर देवी, बीलपुर से मुरारी लाल बंसल, मानपुरा माचेड़ी से सुल्तान नेगी, रूण्डल से सूरज भान यादव, लखेर से सुमन देवी, लबाना से सीता मीणा, श्यामपुरा से असीना तथा सिरोही से सुरेश कुमार मीणा निर्वाचित हुए।

जालसू पंचायत समितिः अनोपपुरा से राम गोपाल बलोदा, खन्नीपुरा से सुनीता शर्मा, खपरिया से माली राम यादव, गुढ़ा सुर्जन से मंजू देवी, जयसिंहपुरा से सीता जाट, जालसू से सीता यादव, टाडावास से राजकुमार मानावत, दुर्गा का बास से जगदीश प्रसाद जाट, देवगुढ़ा से नाना देवी, पुनाना से श्रवण लाल जाट, पोखरसा का बास से भगवती देवी शर्मा, बरना से गोपाल लाल शर्मा, बिचपड़ी से सुरेश कुमार शर्मा, बिहारीपुरा से रोहिताश मीणा, बुगालिया से सरिता देवी, भीलपुरा से प्रहलाद सहाय शर्मा, महेशवास कलां से प्रेम देवी, मूण्डोता से रामचन्द्र सैनी, मोड़ी से गीता देवी, राधाकिशनपुरा से ममता शर्मा, रायथल से मोनिका वर्मा, रोजदा से उत्तम कुमार, सरदारपुरा से हंसराज बुटोलिया, सिरसली से शिम्भूदयाल यादव तथा सुदर्शनपुरा से निशा देवी निर्वाचित हुए।

अमरसर पंचायत समितिः अमरसर से फूल सिंह हरितवाल, आमलोदा से कमला देवी, करीरी से रेखा कंवर, कलवानियों का बास से मखनी देवी, गोविन्दपुरा बासड़ी से राजेन्द्र पलसानियां, जगतपुरा से सुरेन्द्र प्रसाद दुसाद, धवली से कैलाश, धानोता से कानाराम धनवंत, नयाबास से सचिन कुमार भांड, नायन से शंकर लाल सैनी, पठानों का बास से माया सैनी, परमानपुरा से मामराज शर्मा, बिलान्दरपुर से हंसा, मारखी से सुमन जाट, मुरलीपुरा से मन्नी देवी, म्हार खुर्द से उदय सिंह कुड़ी, राडावास से नंदू कंवर, रानीपुरा-जोधपुरा से तोफान राम मीणा, रावपुरा से गीता यादव, शिवसिंहपुरा से शकुन्तला देवी, हनुतपुरा से सुगना देवी तथा हनुतिया से राधा देवी निर्वाचित हुए।

रामपुरा डाबड़ी पंचायत समितिः उदयपुरिया से किरण कुमारी वर्मा, खोराबीसल से बाबू लाल बुनकर, खोराश्यामदास से अशोक कुमार मीणा, गोविंदपुरा से धन्नी देवी, चतरपुरा से रामसहाय वर्मा, चेतावाला से गुलाब देवी, जयरामपुरा से सुवालाल घोसल्या, जाहोता से निशा चांवला, डाबरी से विमला, नांगल पुरोहित से कालू राम जाट, नांगल सिरस से हेमराज सिंह राजावत, बेनाड मय दौलतपुरा से अनिता, भट्टों की गली से सुवालाल कुमावत, भूरथल से कन्हैया लाल सैनी, भूरावाली से सोहनलाल जाट, राजावास से चंद्रकला चौधरी, रामपुरा से मखनी मोहन गोरा, रिसानी से लादू राम मीणा, लूनियावास से सजना देवी, शुभरामपुरा/हरदत्तपुरा से महावीर प्रसाद भट्ट तथा सेवापुरा से पपलेश कंवर निर्वाचित हुए।

शाहपुरा पंचायत समितिः आसपुरा-नींझर से रामजी लाल बुनकर, उदावाला से मीरा देवी, कुम्भावास-शक्तपुरा से शिवदयाल गुर्जर, खोरा लाडखानी से मैना कंवर, गोविन्दपुरा धाबाई से सीता गुर्जर, घासीपुरा से अनिता यादव, छापुड़ा कलां से सुमन देवी, छापुड़ा खुर्द से राजू देवी यादव, छारसा से ज्योति कुमावत, जसवन्तपुरा से मुकेश कुमार वर्मा, देवीपुरा से श्रवण कुमार स्वामी, नवलपुरा से सोहन लाल यादव, पीपलोद नारायण से अर्जुन लाल गुर्जर, बाडीजोडी से सोनम सैनी, बिशनगढ़ से सरपती देवी, मामटोरी कलां से सतपाल सिंह, शेरपुरा से शारदा देवी, साईवाड़ से जयसिंह पारीक तथा सुराणा से जयराम मीणा निर्वाचित हुए।

● ग्राम विकास और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने सभी नवनिर्वाचित सरपंचों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और आमजन की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने सरपंचों से पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता, निष्ठा एवं सेवाभाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा बिना किसी भेदभाव के सभी ग्रामवासियों को साथ लेकर विकास कार्यों को गति प्रदान करने का आ''ान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता, जवाबदेही और सामूहिक सहभागिता से ही गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

भाजपा के समर्थन में गांव-गांव पहुंचे प्रदेश संगठन मंत्री सीताराम पौसवाल, किया सघन जनसंपर्क

- जिला परिषद वार्ड-9 की प्रत्याशी बाबूड़ी देवी एवं पंचायत समिति बौंली वार्ड-10 की प्रत्याशी रवीना राजेश गुर्जर के समर्थन में मांगे वोट
- ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं और जनहित के मुद्दों पर की चर्चा



चमकता राजस्थान/जयपुर/सवाई माधोपुर। (खलील कुरैशी) जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में पार्टी का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश संगठन सचिव सीताराम पौसवाल ने सवाई माधोपुर जिले में सघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की।पौसवाल ने जिला परिषद वार्ड संख्या-9 की भाजपा प्रत्याशी बाबूड़ी देवी एवं पंचायत समिति बौंली के वार्ड संख्या-10 की प्रत्याशी रवीना राजेश गुर्जर के साथ सरहरावता, बांसड़ा नदी, संवसा, गुड़ला नदी, पिपलवाड़ा, गुड़ला, चंदन, कराड़ी एवं राठौद सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए चुनाव में समर्थन मांगा तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं, विकास संबंधी अपेक्षाओं और जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की।जनसंपर्क के दौरान वरिष्ठजनों का स्नेह, मातृशक्ति का आशीर्वाद और युवाओं का उत्साह देखने को मिला। पौसवाल ने ग्रामीणों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आ''ान किया।पूरे जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा प्रमुख रूप से देखने को मिली।

भाजपा युवा मोर्चा दिवा-शिळ मंडल अध्यक्ष पद पर अभिषेक संतोष ठाकूर की नियुक्ति

- युवाओं को पार्टी से जोड़ने के साथ संगठन को मजबूत करने पर देंगे जोर; पदाधिकारियों ने नियुक्ति पत्र सौंपकर दी शुभकामनाएं



चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/दिवा। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के मद्देनजर अभिषेक संतोष ठाकूर को भाजपा युवा मोर्चा दिवा-शिळ मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से दिवा-शिळ क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा के संगठनात्मक कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

नियुक्ति का आधिकारिक पत्र भाजपा ठाणे जिला उपाध्यक्ष रमेश सागळे, ठाणे जिला कार्यकारिणी सदस्य हीरोज कपोते और भाजपा दिवा-शिळ मंडल अध्यक्ष सचिन भोईर के हाथों अभिषेक ठाकूर को सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन करते हुए आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर महिला मोर्चा दिवा-शिळ मंडल अध्यक्ष सपना रोशन भगत, अंकुश मढवी, दिवा विद्यार्थी आघाड़ी अध्यक्ष कल्पेश सारस्वत सहित शहर के कई प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता और शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नियुक्ति के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अभिषेक ठाकूर ने पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के माध्यम से दिवा-शिळ क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ना, केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना, युवाओं के मुद्दों और स्थानीय समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाना तथा संगठनात्मक और सामाजिक कार्यों को गति देना उनका प्रमुख उद्देश्य रहेगा। अभिषेक ठाकूर की नियुक्ति से दिवा-शिळ क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा के संगठनात्मक कार्यों को नई ऊर्जा मिलेगी, ऐसी उम्मीद पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जताई। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

नाड़ोल में टीकमचंद मेघवाल की प्रचंड जीत, 322 मतों से बने सरपंच।

2149 मत प्राप्त कर प्रतिद्वंद्वी कांतिलाल चंदेल को हराया, लीला चौधरी 14 मतों से बनीं उपसरपंच

चमकता राजस्थान

ब्यूरो चीफ जेके बावल। जीवन्द कलां पाली जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायतों में शामिल नाड़ोल में सरपंच चुनाव का परिणाम घोषित होते ही टीकमचंद मेघवाल (बाबूजी) के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। टीकमचंद मेघवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांतिलाल चंदेल को 322 मतों के अंतर से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मेघवाल को कुल 2149 मत प्राप्त हुए, जबकि कांतिलाल चंदेल को 1827 मत मिले। मतगणना के दौरान तीन बार वोटों की गिनती करवाई गई। आखिरकार सुबह 4:45 बजे चुनाव परिणाम घोषित किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच टीकमचंद मेघवाल समाजसेवी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में क्षेत्र में पहचान रखते हैं। विद्युत विभाग में राजकीय सेवा के दौरान



भी उन्होंने आमजन की सेवा की। उनकी स्वच्छ छवि और सामाजिक कार्यों के चलते सभी समाजों के मतदाताओं ने उन्हें समर्थन दिया। जीत के बाद मेघवाल ने समस्त ग्रामवासियों, मतदाताओं और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि पूरे ग्रामवासियों और 36 कौम की जीत है। जनता ने जिस विश्वास और जिम्मेदारी के साथ उन्हें समर्थन दिया है, उस पर वे पूरी निष्पक्षता से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। गांव के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सभी समाजों को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

» लीला चौधरी 14 मतों से बनीं उपसरपंच

सुबह महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उपसरपंच पद का चुनाव संपन्न हुआ। उपसरपंच पद के लिए लीला चौधरी, लोकेन्द्र सिंह एवं विकास ने नामांकन दाखिल किया। मुकाबले में लीला चौधरी ने 14 मतों से जीत दर्ज कर उपसरपंच पद हासिल किया।

इस चुनाव में वार्ड पंच के रूप में लोकेंद्र सिंह, रिंकू चौधरी, डिंपल प्रजापति, करमाराम चौधरी, कविता, प्रवीण पुरी, विकास सोलंकी, पुष्पा कंवर, अंजू सैन, सुकन मालवीय, विद्यादेवी, जीतू घांची, मोतीलाल, फिरोज खां, लीला देवी माली, विकास धारू, जगाराम भटनागर, जमना, भलाराम घांची, अमिया, नरेश लौहार एवं लीला देवी सहित अन्य प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रानी थानाधिकारी आनंद कुमार, नाड़ोल चौकी प्रभारी शिवनारायण मीणा, परविंदर सिंह सहित पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

समर्थ रचनाकार का समय पर मूल्यांकन नहीं होना भी एक अपराध : प्रो. मोहन श्रोत्रिय

- प्रतिष्ठित कवि,चिंतक, विचारक एवं पर्यावरणप्रेमी ऋतुराज को साहित्यकारों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि,
- प्रगतिशील साहित्यिक आंदोलन की अपूरणीय क्षति बताया



चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी)31 अक्टूबर। देश के प्रतिष्ठित कवि, चिंतक, विचारक एवं पर्यावरणप्रेमी ऋतुराज के निधन पर प्रगतिशील लेखक संघ, जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच, इप्टा एवं समग्र सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में कुमारानन्द भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों एवं संस्कृतिकर्मियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को हिंदी साहित्य, कविता और प्रगतिशील साहित्यिक आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति बताया।इस अवसर पर वक्ताओं ने ऋतुराज के साहित्यिक अवदान, वैचारिक प्रतिबद्धता, संवेदनशील रचनात्मक दृष्टि और पर्यावरण के प्रति उनके गहरे सरोकारों को याद किया। उन्होंने कहा कि ऋतुराज का व्यक्तित्व और कृतित्व साहित्य की दुनिया में लंबे समय तक प्रेरणा देता रहेगा।प्रो. मोहन श्रोत्रिय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ''समर्थ रचनाकार का सही समय पर मूल्यांकन नहीं होना भी एक अपराध है।'' उन्होंने रेखांकित किया कि साहित्य और समाज को अपने महत्वपूर्ण रचनाकारों के योगदान का उनके जीवनकाल में ही समुचित सम्मान एवं मूल्यांकन करना चाहिए।स्मृति सभा में उपस्थित साहित्यकारों ने ऋतुराज की कविताओं का पाठ किया तथा उनसे जुड़े संस्मरण साझा कर उनके साहित्यिक व्यक्तित्व और मानवीय संवेदनाओं को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि ऋतुराज की रचनात्मकता केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसमें सामाजिक चेतना, मानवीय सरोकार, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और प्रगतिशील विचारधारा का सशक्त स्वर भी मौजूद था।सभा में इस बात पर भी बल दिया गया कि ऋतुराज जैसे समर्थ रचनाकारों का साहित्यिक योगदान नई पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके विचारों एवं रचनाओं का गंभीर मूल्यांकन करना साहित्यिक समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।अंत में उपस्थित साहित्यकारों एवं संस्कृतिकर्मियों ने दिवंगत रचनाकार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहित्यिक अवदान को स्मरण किया।

पटना के सबसे अमीर व्यक्ति थे आरके सिन्हा

पटना।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद और जाने-माने बिजनेसमैन रविंद्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) का आज (शुक्रवार, 30 अक्टूबर) को निधन हो गया. उन्होंने यूपी के नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली. आरके सिन्हा की गिनती बिहार के अरबपतियों में होती है. उन्हें पटना का सबसे अमीर व्यक्ति कहा जाता



है. रविंद्र किशोर सिन्हा समाचार एजेंसी हिंदूस्थान के संस्थापक रहे हैं. इसके अलावा, सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज एसआईएस ग्रुप के भी मालिक थे. हाल ही में उनकी कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी कि उनका मुनाफा 28 प्रतिशत बढ़कर 105.5 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था. पिछले साल यह 82 करोड़ के करीब था. इससे साबित होता है कि वे बेहद मजबूत उद्योगपति थे. एसआईएस के रेवेन्यू में जबरदस्त उछाल देखने को मिले हैं. बताया जाता है कि एसआईएस संस्थापक रविंद्र किशोर सिन्हा की कुल संपत्ति लगभग 1 बिलियन डॉलर है. भारतीय रुपये में आंकें तो यह आंकड़ा लगभग 8,300 से 8,400 करोड़ तक जाता है. उनका बिजनेस माइंड उन्हें अरबपति और अपने दम पर सफल हुआ व्यवसायी बनाता है. कहा जाता है कि आरके सिन्हा ने साल 1974 में केवल 250 रुपये से एसआईएस की स्थापना की थी और अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने भारत की दूसरी सबसे बड़ी सुरक्षा सेवा कंपनी विकसित की, जिसका विस्तार ऑस्ट्रेलिया तक हुआ।

राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन से सुशासन को मिल रही नई गति, परिवादियों का संतुष्टि स्तर 70 प्रतिशत पहुंचा : मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास

- ई-जनसुनवाई से 'नेक्स्ट-जेन जनसम्पर्क' की अवधारणा हो रही साकार, परिवाद निस्तारण में तेजी के साथ औसत समय 23 से घटकर 13 दिन हुआ
- मुख्य सचिव ने हेल्पलाइन केंद्र का किया निरीक्षण, परिवादियों से वीडियो कॉल पर संवाद कर अधिकारियों को दिए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को शासन सचिवालय स्थित हेल्पलाइन कॉल सेंटर का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली, परिवाद निस्तारण की प्रगति और परिवादियों के संतुष्टि स्तर की समीक्षा की।मुख्य सचिव ने परिवाद निस्तारण में हुई उल्लेखनीय प्रगति और आमजन के बढ़ते संतुष्टि स्तर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ई-जनसुनवाई के माध्यम से 'नेक्स्ट-जेन जनसम्पर्क' की अवधारणा को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि परिवादों का



निस्तारण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक राहत पहुंचाने का माध्यम होना चाहिए।

● 12 प्रतिशत अंक बढ़ा परिवादियों का संतुष्टि स्तर

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि सितंबर 2025 में परिवादियों का संतुष्टि स्तर 58 प्रतिशत था, जो सितंबर 2026 में बढ़कर लगभग 70 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार 12 प्रतिशत अंक की वृद्धि दर्ज की गई। हेल्पलाइन पर प्राप्त परिवादों की संख्या भी सितंबर 2025 के लगभग 2.50 लाख से बढ़कर सितंबर 2026 में करीब 4 लाख हो गई। वहीं परिवाद निस्तारण की संख्या अक्टूबर 2025 के लगभग 2.48 लाख से बढ़कर सितंबर 2026 में करीब 4.50 लाख तक पहुंच गई।

● निस्तारण समय 23 दिन से घटकर 13 दिन

परिवाद निस्तारण की गति में तेजी का परिणाम यह रहा कि औसत निस्तारण समय 23 दिन से घटकर मात्र 13 दिन रह गया है। इसके साथ ही लंबित परिवादों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है। ये आंकड़े हेल्पलाइन की कार्यक्षमता और जनसमस्याओं के समाधान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

● वीडियो कॉल पर परिवादियों से किया सीधा संवाद

मुख्य सचिव ने ई-जनसुनवाई के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, कृषि, विद्युत एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित परिवादियों से सीधे संवाद कर समस्याओं के समाधान की स्थिति जानी। उन्होंने झुंझुनूं के संपत एवं नागौर के सोमाराम से पेयजल कनेक्शन और बोरवेल, चूरू के ओमप्रकाश से फसल बीमा क्लेम, दौसा के कैलाश मीणा एवं मुक्श से खाद-बीज उपलब्धता और फार्म पॉन्ड की लंबित अनुदान राशि तथा भीलवाड़ा के पप्पूलाल एवं चित्तौड़गढ़ के भैरूलाल से बिजली मीटर मरम्मत संबंधी प्रकरणों की जानकारी लीइसी प्रकार कोटपूतली-बहरोड़ के रोहतास एवं बारां के बबलेश से सड़क संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉल के माध्यम से ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर परिवादियों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्थान संपर्क 181 का उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना और उनका निस्तारण दिखाना नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है।

संक्षिप्त समाचार

आदर्श मतदान केंद्र की गतिविधियों से दिया सुगम मतदान का संदेश

- दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा और मतदान केंद्रों की स्वच्छता पर रहा जोर



चमकता राजस्थान/ब्यावर। लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि हर मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इसी संदेश के साथ जिला स्वीप टीम के तत्वावधान में जिले के राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में 'आदर्श मतदान केंद्र' थीम पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

गतिविधियों के दौरान विद्यार्थियों ने आदर्श मतदान केंद्र की परिकल्पना को साकार करते हुए मतदान केंद्रों की साफ-सफाई, आकर्षक रंगोलियों और सुव्यवस्थित परिसर के जरिए स्वच्छ एवं मतदाता अनुकूल मतदान केंद्र का संदेश दिया। साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक सुविधाओं का प्रदर्शन भी किया गया।

» दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा पर विशेष जोर

गतिविधियों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर और सुगम आवागमन जैसी सुविधाओं के महत्व को प्रमुखता से बताया गया। विद्यार्थियों को समझाया गया कि मतदान केंद्र ऐसा होना चाहिए, जहां बुजुर्गों और दिव्यांगजनों सहित प्रत्येक मतदाता सम्मानपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग कर सके। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को मतदान केंद्रों को स्वच्छ, सुंदर, सुलभ और सुविधाजनक बनाने का संदेश दिया गया। जिला स्वीप टीम की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए निरंतर नवाचारपूर्ण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनभागीदारी बढ़ाना और शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करना है।

जयपुर कलेक्टर परिसर में हर्षोल्लास से मनायी गयी लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयन्ती

- राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला कलक्टर संदेश नायक ने दिलाई शपथ
- सरदार वल्लभभाई का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत - जिला कलक्टर





चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी)31 अक्टूबर। भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयन्ती(राष्ट्रीय एकता दिवस) के उपलक्ष्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष जिला कलक्टर संदेश नायक ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के कार्मिको सहित अन्य गणमान्य नागरिको को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। जिला कलक्टर ने बताया की 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में जन्मे वल्लभभाई पटेल का जीवन जीवटता, बुद्धिमता, कठोर अनुशासन एवं व्यवहारिक कुशलता से परिपूर्ण था। उन्होने भारत की आजादी के आंदोलन में न सिर्फ देश को आजाद कराने में अग्रणी भुमिका निभाई बल्कि आजादी के उपरान्त करीब 562 रियासतों में खण्ड-खण्ड बटे भारत के भूभाग को एकता के सूत्र में पिरोने का अभूतपूर्व कार्य किया। उनका जीवन भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

ये वरिष्ठ अधिकारीगण रहें मौजूद

इस दौरान जिला कलक्टर हित सीईओ जिला परिषद् शुभम भैंसारे, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय मेघराज सिंह मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय देवयानी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर शहर उत्तर राजेन्द्र सिंह, सहायक कलक्टर जयपुर प्रथम निधि मीणा, तहसीलदार सुभाषचन्द्र स्वामी, तहसीलदार निर्वाचन कुलदीप, तहसीलदार प्रदीप सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिको ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

वार्ड 123 की पार्षद पूनम आशीष मेहता को जनसेवा के प्रति समर्पण एवं सामाजिक सहभागिता के लिए मिला सम्मान

सामाजिक एकता, समरसता और जनसेवा के संकल्प को समर्पित अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का भव्य सम्मान समारोह

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान ने महापौर एवं पार्षदों का किया सम्मान,

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) सामाजिक एकता, समरसता और जनसेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की ओर से भव्य वैश्य महापौर एवं पार्षद सम्मान समारोह आयोजित किया गया।समारोह में महासम्मेलन ने जनप्रतिनिधियों के सामाजिक योगदान, जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता तथा समाज के विकास में उनकी सक्रिय सहभागिता को सम्मानित कर सेवा, सहयोग और सकारात्मक सामाजिक नेतृत्व का प्रेरक संदेश दिया।इस अवसर पर जयपुर नगर निगम के वार्ड 123 की पार्षद पूनम आशीष मेहता को जनप्रतिनिधि के रूप में उनके उल्लेखनीय योगदान, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा समाजसेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मिला यह सम्मान उनके सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और जनहित के प्रति

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अलवर एवं पाली के महापौर रहे मौजूद



प्रतिबद्धता की सराहना का प्रतीक रहा।समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन लाल राठौड़ पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा विधायक कालीचरण सर्राफ, पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता, जयपुर महापौर सुनील कोठारी सहित जोधपुर, उदयपुर, अलवर एवं पाली के महापौर तथा विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि और वैश्य समाज के गणमान्यजन मौजूद रहे।अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की यह पहल समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर जोड़ने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और जनप्रतिनिधियों को जनसेवा के प्रति निरंतर प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। सम्मान समारोह के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सार्वजनिक जीवन में पद की सार्थकता जनहित के कार्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान से ही स्थापित होती है।महासम्मेलन का यह आयोजन सामाजिक सहभागिता, संगठनात्मक एकजुटता और सेवा भावना को नई ऊर्जा देने के साथ समाज में रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने वाला गरिमामय अवसर बना।

अनंत के बाद अब ललन सिंह की बारी? जदयू के पोस्टर से तस्वीर गायब!

पटना।

बिहार में एक बार फिर सियासी बवाल मचा हुआ है. एमएलसी चुनाव के पहले अनंत सिंह ने बगावत की तो बाद में उन्हें पार्टी ने निष्कासित कर दिया और अब ललन सिंह चर्चा में हैं. एमएलसी चुनाव में जीत के बाद बीते गुरुवार (29 अक्टूबर, 2026) को जेडीयू की ओर से एक्स हैंडल पर बधाई वाले एक पोस्टर को शेयर किया गया जिसमें से ललन सिंह की फोटो गायब है. एमएलसी चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों को मिली जीत पर बधाई देने के लिए यह पोस्टर जारी किया गया है. कभी जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके ललन



सिंह की तस्वीर पार्टी के पोस्टर से गायब है यह अपने आप में बड़ा सवाल खड़े कर रहा है. चुनाव के दौरान ललन सिंह का एक बयान 'ताली एक हाथ से नहीं बजती' की खूब चर्चा हुई थी. जब रिजल्ट आया तो जीत के बाद नीरज कुमार ने कहा था कि वे ललन सिंह का आशीर्वाद नहीं लेंगे. अब पोस्टर से ललन सिंह की तस्वीर गायब होने पर जेडीयू में सियासी चर्चाएं तेज हैं. बिहार विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से विजयी एनडीए के सभी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। आपकी यह जीत एनडीए के प्रति लोगों के अटूट विश्वास और भरोसे को दर्शाती है। जेडीयू के एक्स हैंडल पर जो पोस्टर है उसमें नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की बड़ी तस्वीर है. इसके अलावा सम्राट चौधरी, उपेंद्र कुशवाहा, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, संजय सरावगी, उमेश कुशवाहा, संजय झा और निशांत कुमार की तस्वीर है. ऐसे में सियासी गलियारों में सवाल उठने लगा है कि आखिर ललन सिंह पोस्टर से गायब क्यों हैं? दूसरा सवाल यह भी है कि अनंत सिंह के बाद अब ललन सिंह को पार्टी में किनारे लगाने का काम शुरू हो गया है?

पीएम के गुजरात दौरे के दौरान लगे 'मोदी नहीं जाएंगे' के नारे, कांग्रेस ने कसा तंज



नयी दिल्ली। गुजरात के बनासकांठा में भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर के एक कैटल फार्म के दौरे के दौरान एक घटनाक्रम ने सबको हैरान कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब छात्रों के एक समूह से बातचीत कर रहे थे, तब वहां मोदी नहीं जाएंगे के नारे गूंज उठे। यह नारे तब लगाए गए जब पीएम मोदी वहां मौजूद लोगों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवा रहे थे और उनके बातचीत कर रहे थे। 'मोदी नहीं जाएंगे' नारे के जवाब में कांग्रेस ने निशाना साधते हुए कहा, कहीं नहीं जाएंगे, आपकी मर्जी।

पवन खेड़ा ने साधा निशाना

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा, आपकी मर्जी। अभी तो बॉस संसद भी नहीं जा रहे हैं। संसद सत्र शुरू होने दीजिए, फिर आप देखेंगे कि वे देश और दुनिया छोड़कर भागने की कितनी जल्दी में होंगे। बता दें कि यह घटना कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान के कुछ दिनों बाद हुई है। खरगे ने पिछले दिनों अपने बयान में कहा था, मोदी का बाप भी जाएगा।

बेंगलुरु में डेटिंग एप से घर बुलाई महिला दोस्त निकला किन्नर

बेंगलुरु।

बेंगलुरु में एक आदमी ने ऑनलाइन डेटिंग ऐप के जरिए एक व्यक्ति से दोस्ती की और उसे घर बुलाया जिसके बाद घर से 20 लाख रुपये के सोने के गहनों की लूट हो गई। यह घटना 22 अक्टूबर को चंद्रा लेआउट के एक घर में हुई है। शिकायत के मुताबिक, घर का मालिक और उसकी पत्नी शहर से बाहर गए थे और घर की चाबियां वहीं रहने वाले एक दोस्त के पास छोड़ दी थी। इस दौरान दोस्त ने कथित तौर पर ऑनलाइन डेटिंग ऐप के जरिए एक महिला से संपर्क किया और उसे घर पर बुलाया।

20 लाख के गहने लूटकर फरार



लेकिन उन्हें तब झटका लगा जब विजिटर ने अपना मास्क हटाया। मास्क हटाने पर उन्हें पता चला कि जिस व्यक्ति को उन्होंने बुलाया था, वह ट्रांसजेंडर था। करीब 10 मिनट बाद, एक और ट्रांसजेंडर घर पर आया और दोनों ने चाकू की नोक पर उस आदमी को धमकाया। दोनों ट्रांसजेंडर ने मिलकर बेडरूम का दरवाजा तोड़ा और अलमारी में रखे गहने लूट लिए। दोनों आरोपी लगभग 20 लाख रुपये के 226 ग्राम सोने के गहने लेकर फरार हो गए थे।

घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद घर का मालिक वापस आया और पुलिस स्टेशन में जाकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान नाजिया और सैयद मौशिन के रूप में हुई है। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

टीम इंडिया को चौथे टी-20 में मिली शर्मनाक हार, न्यूजीलैंड ने 87 रनों से जीता मैच



ऑकलैंड। इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला आज ऑकलैंड में खेला गया। इस मैच में भारतीय टीम को शर्मनाक हार मिली। न्यूजीलैंड की टीम ने 260 रनों का लक्ष्य भारत को दिया था, लेकिन श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम 20 ओवर खेलकर 172 रनों तक ही पहुंच पाई। इस मैच में भारत 87 रनों से हार गया। ग्लेन फिलिप्स इस मैच में न्यूजीलैंड के हीरो रहे, जिन्होंने शतक जड़ा, जबकि जैकब डफी ने 4 विकेट अपने नाम किए। मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी की और स्कोरबोर्ड पर 259 रन लगा दिए। ग्लेन फिलिप्स 107 रन बनाकर आउट हुए, जबकि 65 रन माइकल ब्रेसवेल ने बनाए। 31 रन फिन एलेन के बल्ले से आए। भारत के लिए 3 विकेट मयंक यादव ने निकाले। 20 ओवर में 7 विकेट खोकर न्यूजीलैंड ने 259 रन बनाए। भारत की टीम 260 रनों के जवाब में 172 रन ही बना सकी। इस मैच में भारत का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

जोशीमठ में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 6 लोग सवार...

चार की मौत, सेना ने संभाली रेस्क्यू की कमान

चमोली।

देहरादून-बदरीनाथ से लौट रहा हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है और दो गंभीर घायल हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि सेना मौके पर पहुंच चुकी है। साथ ही सेना ने रेस्क्यू की कमान संभाल ली है। बताया जा रहा कि बदरीनाथ और ज्योतिर्मठ के बीच यह हादसा हुआ है। हेलीकॉप्टर ट्रांस भारत कंपनी का है। जिसमें एक पायलट और पांच यात्री सवार थे। सभी यात्री बेंगलुरु के बताए जा रहे हैं। हेलीकॉप्टर



बदरीनाथ से देहरादून आ रहा था। जिसे सहस्त्रधारा हेलीपैड पर उतरना था। हेलीकॉप्टर के चट्टान पर गिरे होने का अंदेशा है। एसडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम के साथ ही सेना भी राहत-बचाव अभियान में लगी है। वहीं एहतियात के तौर पर मैसर्स ट्रांस भारत एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के सभी हेलीकॉप्टरों की उड़ान पर रोक लगा दी गई है। सीएम धामी ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उक्त हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि 'चाई गांव, जोशीमठ के निकट हेलीकॉप्टर क्रैश होने की दुर्भाग्यपूर्ण सूचना प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, एसडीआरएफ द्वारा संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। स्वयं भी पूरे घटनाक्रम की निरंतर निगरानी कर रहा हूं। गंभीर रूप से घायलों को तत्काल एयरलिफ्ट कर बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।'

पीसीसी पथ का शिलान्यास

खूंटी :

जिले के तपकरा लोवाजिमी मेन रोड से हाबिल गुड़िया भाया जोहन गुड़िया के घर तक पीसीसी पथ 450 फीट निर्माण का शिलान्यास विधिवत किया गया, पाहन धनी गुड़िया के द्वारा पूजा अर्चना किया गया ।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा विकास कार्य में ग्रामीण आम जनता का सहयोग होना अति आवश्यक है इसके बिना अधूरा है।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, फटका पंचायत मुखिया पुष्पा गुड़िया,उप मुखिया अरफा गुड़िया,विमल गुड़िया, अनिल गुड़िया,सोहराई पाहन, गुड़िया पडहा राजा हाबिल गुड़िया, इलियास गुड़िया एलिजाबेथ बरला, रवि गुड़िया सुखराम गुड़िया ग्रामीण आदि उपस्थित थे

जमशेदपुर में झारखंड बंगाली समिति की ओर से भव्य विजया सम्मेलन का आयोजन

जमशेदपुरः झारखंड बंगाली समिति की जमशेदपुर शाखा के तत्वावधान में भालुबसा जोड़ मंदिर प्रेक्षागृह में एक भव्य एवं मनमोहक विजया सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शेखर दे उपस्थित थे। इस अवसर पर शेखर दे ने सभी को विजया दशमी की शुभकामनाएं देते हुए दुर्गा पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विजया दशमी असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव तपन सेनशर्मा ने किया। स्वागत गीत सामूहिक रूप से बुलबुल घोष, सुपर्णा सेनशर्मा, मधुमिता कुंडू, दीपा बनर्जी एवं तपती दत्ता ने प्रस्तुत किया। शाखा की अध्यक्ष झरना कर ने स्वागत भाषण दिया, जबकि निखिल दत्ता ने शुभकामना संदेश प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत निसार सरफुद्दीन, पूरबी घोष, शुक्ला रायचौधरी, देवयानी दत्ता, चंदना चटर्जी एवं पूरबी चटर्जी ने कविता पाठ किया।

भारत ने आधुनिक इतिहास में सबसे तेज और सबसे व्यापक स्तर पर गरीबी कम करके दिखायाः पीयूष गोयल

नई दिल्ली/एजेंसी।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विश्व बैंक समूह की अक्टूबर 2026 पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ (गरीबी और समानता रिपोर्ट) का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने आधुनिक इतिहास में गरीबी कम करने के सबसे तेज और व्यापक प्रयासों में से एक को करके दिखाया है।

रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का जिक्र है। इसमें बताया गया है कि 2011 से 2023 के बीच 49.6 करोड़ लोग लोअर-मिडल-इनकम (निम्न-मध्यम आय) गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। इस दौरान गरीबी दर 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत पर आ गई है।

पीयूष गोयल ने कहा कि यह उपलब्धि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लक्षित नीतियों, संरचनात्मक सुधारों और दृढ़ शासन के कारण संभव हो पाई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 2011 से 2023 के बीच, 49.6 करोड़ नागरिक लोअर-मिडल-इनकम गरीबी रेखा (4.20 डॉलर प्रतिदिन, 2021 पीपीपी) से ऊपर आ गए हैं, जिससे गरीबी दर 57.7 प्रतिशत से गिरकर 16.1 प्रतिशत हो गई है। यदि 3 डॉलर प्रतिदिन (2021 पीपीपी) के मानक से देखें, तो अत्यधिक गरीबी 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई है।

2017 से 2023 के बीच कुल रोजगार में 13.4 करोड़ की वृद्धि हुई, जो कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि से लगभग दोगुनी है। एक्स पर अपनी पोस्ट में गोयल ने लिखा, इस आर्थिक बदलाव में ग्रामीण महिलाओं ने अहम भूमिका निभाई है। बड़ी संख्या में महिलाओं ने वेतन पाने वाले कार्यों में प्रवेश किया, जिससे परिवारों में कमाने वाले सदस्यों की संख्या बढ़ी और परिवारों की आय में भी इजाफा हुआ। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कल्याणकारी लाभ पहुंचे हैं, जिसमें ग्रामीण भारत ने तेजी से प्रगति करते हुए ऐतिहासिक असमानता को व्यवस्थित रूप से कम किया है। 99 प्रतिशत आबादी तक बिजली पहुंचने से अब लोगों के लिए बुनियादी जीवन स्तर को आसान बनाना एक वास्तविकता बना है।

विश्व बैंक का कहना है कि ये परिणाम मजबूत खपत, महिलाओं के नेतृत्व वाले रोजगार और व्यापक सामाजिक हस्तांतरण के कारण मिले हैं। जिसमें लक्षित खाद्य सुरक्षा से लेकर सीधे लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाना शामिल है।

गोयल ने कहा, सुशासन को अंततः जनता के भरोसे से मापा जाता है। यही बदलाव एनडीए और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों के निरंतर विश्वास का आधार है। 140 करोड़ भारतीयों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अडिग है; हम विकास के अवसरों का विस्तार करना और एक आत्मनिर्भर, विकसित भारत का निर्माण करना जारी रखेंगे।

केंद्र ने विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया

नई दिल्ली/एजेंसी।

वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार, केंद्र ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र की समीक्षा करने और इसे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, वित्तीय रूप से समावेशी और 2047 तक विकसित भारत के लिए मजबूत बनाने हेतु एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति आवश्यक संरचनात्मक, संस्थागत, नियामक और विधायी सुधारों की सिफारिश करेगी।

समिति की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त सुरेश एन. पटेल करेंगे, और इसमें आरबीआई के उप राज्यपाल शिरीष चंद्र मुर्मु, इंडियन बैंक की पूर्व मुख्य निदेशक और सीईओ पद्मजा चुंदुरु और आरबीआई के पूर्व उप राज्यपाल एनएस विश्वनाथन सदस्य होंगे। बयान में कहा गया है कि वित्तीय सेवा विभाग में बैंकिंग के संयुक्त सचिव इसके सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए विकसित भारत के लिए उच्च स्तरीय समिति के गठन की सरकार की योजना की घोषणा की थी।

कार्यक्षेत्र के अनुसार, समिति वर्तमान बैंकिंग प्रथाओं और विवेकपूर्ण मानदंडों का आकलन करेगी, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करेगी और उन्हें भारतीय बैंकिंग प्रणाली के लिए उपयुक्त रूप से अपनाएगी, साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बैंकों के निर्माण के लिए एक रोडमैप भी प्रदान करेगी।

यह क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों सहित बैंकों के लिए मौजूदा नियामक और कानूनी ढांचों की समीक्षा करेगी और विकसित भारत के लिए दक्षता लाने और बैंकिंग को सुगम बनाने हेतु सुधारों का सुझाव देगी।

समिति विकास वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों सहित बैंकों की दीर्घकालिक पूंजी आवश्यकताओं का आकलन करेगी और ऋण वृद्धि को समर्थन देने के लिए वित्तपोषण स्रोतों और सहायक तंत्रों पर सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

यह व्यवसायों के लिए पूंजी की लागत में अंतर का विश्लेषण करेगी और सतत विकास के लिए निजी निवेश को बढ़ावा देने हेतु नीतिगत विकल्पों का सुझाव देगी।

समिति बैंकिंग संस्थानों में एआई और डिजिटल नवाचार के लिए एक रोडमैप भी तैयार करेगी, साथ ही साइबर जोखिमों से सुरक्षा के उपाय भी प्रदान करेगी। इसके अलावा, बैंकिंग क्षेत्र के लिए भविष्य के लिए तैयार कार्यबल सुनिश्चित करने हेतु प्रतिभा अधिग्रहण और क्षमता निर्माण के लिए एक रणनीति का सुझाव देगी।

इसके अलावा, यह समिति प्राथमिकता क्षेत्र ऋण ढांचे और लीड बैंक योजना की समीक्षा करेगी ताकि समावेशी, संतुलित और डेटा-आधारित ऋण वितरण को बढ़ावा देने में उनकी प्रासंगिकता, प्रभावशीलता और समन्वय का आकलन किया जा सके, जो बदलती आर्थिक प्राथमिकताओं और वित्तीय समावेशन लक्ष्यों के अनुरूप हो।

समिति सरकार द्वारा सौंपे गए किसी भी अन्य मामले पर भी सिफारिशें देगी।


धनतेरस पर सोना या चांदी? छोटे निवेशकों के लिए क्या है बेहतर विकल्प, जानिए फायदे और जोखिम

नई दिल्ली/एजेंसी

रोशनी का पर्व दीपावली बस आने वाला ही है। इसकी शुरुआत धनतेरस से होती है, जो 6 नवंबर को पड़ रहा है। इस दिन लोग सोना और चांदी समेत कई कीमती धातुएं खरीदते हैं।

वहीं, धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदना केवल परंपरा नहीं, बल्कि निवेश का भी एक अहम माध्यम माना जाता है। हालांकि सीमित बजट वाले निवेशकों के सामने अक्सर यह सवाल होता है कि सोना खरीदें या चांदी। ऐसे में फैसला केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि बजट, जोखिम क्षमता और निवेश के लक्ष्य को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

सोना लंबे समय से संपत्ति सुरक्षित रखने (वेल्थ प्रिजर्वेशन) का सबसे भरोसेमंद माध्यम माना जाता है। इसकी मांग लगातार बनी रहती है और जरूरत पडऩे पर इसे आसानी से बेचा भी जा सकता है। हालांकि आभूषण खरीदने पर मेकिंग चार्ज और टैक्स अलग से देने पड़ते हैं, जिससे कुल लागत बढ़ जाती



है। विशेषज्ञों के अनुसार, निवेश के नजरिए से गोल्ड कॉइन, गोल्ड बार, गोल्ड ईटीएफ और डिजिटल गोल्ड जैसे विकल्प ज्यादा व्यावहारिक माने जाते हैं। सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है, लेकिन आमतौर पर यह चांदी की तुलना में कम अस्थिर माना जाता है। वहीं, चांदी छोटे निवेशकों के लिए अधिक किफायती विकल्प हो सकती है। कम बजट में निवेशक ज्यादा मात्रा में चांदी खरीद सकते हैं। इसके अलावा सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल जैसे क्षेत्रों में बढ़ती औद्योगिक मांग चांदी को अतिरिक्त समर्थन देती है। हालांकि चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव सोने की तुलना में अधिक रहता है, क्योंकि इस पर निवेश मांग के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों का भी प्रभाव पड़ता है। ऐसे में तेजी से मुनाफे के अवसर तो मिल सकते हैं, लेकिन जोखिम भी ज्यादा होता है। ऐसे में बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आपका उद्देश्य संपत्ति सुरक्षित रखना और अपेक्षाकृत स्थिर निवेश है, तो सोना बेहतर विकल्प हो सकता है। वहीं यदि आपका बजट सीमित है, आप ज्यादा मात्रा में धातु खरीदना चाहते हैं और बाजार के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं, तो चांदी पर विचार किया जा सकता है।

कोच दहिया को उम्मीद, मनीषा-नीलम और काजल दोहराएंगी ओलंपिक 2028 में वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप वाला प्रदर्शन



नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय महिला कुश्ती कोच वीरेंद्र दहिया ने रजत पदक विजेता नीलम सिरोही और काजल ढोचक का समर्थन करते हुए कहा है कि वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप 2026 के अनुभव से वे और मजबूत होकर उभरेंगी। उन्हें पूरा भरोसा है कि ये दोनों, ऐतिहासिक स्वर्ण पदक विजेता मनीषा भनवाला के साथ मिलकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में देश के लिए पदक जीत सकती हैं। भारत ने इस चैंपियनशिप में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पदक तालिका में भारत एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक के साथ चौथे स्थान पर रहा। मनीषा ने सीनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास रचा। वहीं, नीलम (50 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) ने रजत पदक जीते, जबकि तनु शर्मा ने 72 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

नीलम के प्रदर्शन पर बात करते हुए कोच दहिया ने बताया कि उन्हें जापान की युई सुसाकी (जो पांच बार की विश्व चैंपियन हैं) के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने जोर देकर कहा कि फाइनल तक पहुंचना ही भारतीय पहलवान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

शनिवार को रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा आयोजित एक संयुक्त मीडिया बातचीत के दौरान 'आईएएनएस' के एक सवाल का जवाब देते हुए कोच दहिया ने कहा, नीलम का मुकाबला जापान की युई सुसाकी से था, जो अपने आप में एक अद्भुत प्रतिभा हैं। वह एक असाधारण पहलवान हैं, मानो कोई चमत्कार हों। हालांकि, बेहतरीन खिलाडिय़ों को भी हराया जा सकता है। सुसाकी को जापान में भी हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन इससे उनकी महानता कम नहीं हो जाती। नीलम का इस स्तर तक पहुंचना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और हमें उन पर गर्व है। हमें पूरा विश्वास है कि आगे चलकर वह और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

कोच ने यह भी कहा कि काजल के रजत पदक को उनके लगातार हो रहे विकास के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उन्होंने दोनों पहलवानों का समर्थन करते हुए कहा कि वे भविष्य में भारत के अंतरराष्ट्रीय अभियानों में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने आगे कहा, काजल भी अभी अनुभव हासिल कर रही हैं, और मनीषा के साथ-साथ ये दोनों ही भारतीय कुश्ती के भविष्य के सितारे हैं। ईश्वर ने चाहा तो हम इन तीनों को लॉस एंजिल्स ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए और यहां जैसा शानदार प्रदर्शन दोहराते हुए देखेंगे।

भारतीय पहलवानों के प्रदर्शन की बदौलत टीम रैंकिंग में भारत 94 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा। भारत से आगे अमेरिका, जापान, चीन और यूक्रेन रहे। चार पदक जीतना वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। इससे पहले 2012 और 2021 में भारत ने दो-दो पदक जीते थे।

फ्रैक्चर के कारण मार्टिन मलेशियाई जीपी से बाहर, एलेक्स मार्केज ने हासिल की पोल पोजीशन

सेपांग/एजेंसी।

जॉर्ज मार्टिन मलेशियाई ग्रां प्री से बाहर हो गए हैं। वह यहां सेपांग इंटरनेशनल सर्किट में रेस करने वाले थे।अप्रैलिया के इस राइडर ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री स्प्रिंट के दौरान कलाई में फ्रैक्चर होने की वजह से इस वीकेंड की रेस से अपना नाम वापस ले लिया है। स्प्रिंट के दौरान क्रैश में कलाई टूटने के महज छह दिन बाद, वह शुक्रवार को प्रैक्टिस सेशन में शामिल हुए थे। मोटोजीपी ने एक बयान में कहा, उन्होंने असाधारण कोशिश की, लेकिन अब यह पक्का हो गया है। जॉर्ज मार्टिन (अप्रैलिया रेसिंग) मलेशियाई जीपी में रेस नहीं कर पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया में कलाई टूटने के सिर्फ छह दिन बाद 2024 के चैंपियन और 2026 के खिताब के दावेदार शुक्रवार को सेपांग में ट्रैक पर लौटे। उन्होंने सुबह के सेशन में 12 लैप पूरे किए और दोपहर में भी कुछ लैप लगाए, जिसके बाद वह जल्दी वापस लौट गए ताकि शनिवार के लिए खुद को तैयार कर सकें। बयान में आगे कहा गया, दुर्भाग्य से, क्वालीफाइंग



से पहले एफपी2 सेशन में ट्रैक पर कुछ और समय बिताने के बाद यह पुष्टि हो गई कि मार्टिन इस इवेंट से बाहर हो गए हैं। मार्टिन अब रेस से दूर रहेंगे और अगली बार वापसी करने की कोशिश करेंगे। इस बीच, क्वालीफाइंग के दौरान एलेक्स मार्केज ने अपने बड़े भाई मार्क मार्केज से पोल पोजीशन छीन ली है।

एलेक्स मार्केज (बीके8 ग्रेसीनी रेसिंग मोटोजीपी) ने 1:56.493 का शानदार लैप समय निकाला और शनिवार सुबह पी1 हासिल किया, जबकि वर्ल्ड चैंपियनशिप में सबसे आगे चल रहे मार्क मार्केज (डुकाटी लेनोवो टीम) पीछे रह गए। मुकाबला काफी कड़ा रहा, क्यू2 में दोनों के बीच सिर्फ 0.070 सेकंड का अंतर था। पेड्रो अकोस्टा (रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग) तीसरे स्थान पर रहे, जबकि आई ओगुरा चौथे स्थान पर रहे। उनके पीछे खिताब के एक और दावेदार मार्को बेजेची रहे।

मार्टिन की बात करें तो, मलेशियाई जीपी से पहले वह चैंपियनशिप में सबसे आगे चल रहे मार्केज से 10 अंक पीछे थे। उन्हें शुक्रवार सुबह के सेशन में हिस्सा लेने की अनुमति मिली थी, और बाद में पूरे वीकेंड की रेस के लिए भी मंजूरी दे दी गई थी। स्पेनिश राइडर एफपी1 में काफी पीछे, 20वें स्थान पर रहे। उन्होंने अपनी बाइक पर 12 लैप पूरे किए, और फिर दोपहर की प्रैक्टिस में कुछ लैप पूरे करने के बाद 21वें स्थान पर रहे। ऐसा लग रहा है कि चैंपियनशिप की लड़ाई अब इस स्पेनिश राइडर की पकड़ से दूर होती जा रही है, क्योंकि वह सेपांग इंटरनेशनल सर्किट स्प्रिंट या रविवार की रेस में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

त्रिकोणीय वनडे सीरीज फाइनल : पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ टॉस जीत चुनी गेंदबाजी, शादाब खान बाहर

लाहौर/एजेंसी।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले जा रहे त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया है। टॉस जीतने के बाद पाकिस्तान के कप्तान शाहीन अफरीदी ने कहा, हम पहले गेंदबाजी करेंगे। हमें लगता है कि बाद में ओस होगी। हमारे पास चार तेज गेंदबाज भी हैं, और हम विकेट का जल्दी इस्तेमाल भी कर रहे हैं। शादाब की बीमार हैं, उनकी जगह टीम में फहीम अशरफ को शामिल किया गया है। शादाब खान का बाहर होना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। शादाब ने इसी टूर्नामेंट में ऐतिहासिक शतक लगाते हुए इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान को जीत दिलायी थी। शादाब के बाहर होने से पाकिस्तान की गेंदबाजी और बल्लेबाजी कमजोर हुई है।

श्रीलंका के कप्तान कुसल मेंडिस ने कहा, हमने पहले बैटिंग करने की तैयारी की थी। मुझे लगता है कि हर कोई जानता है कि पहली पारी में कैसे खेलना है। पिछले कुछ मैचों की तुलना में काफी अच्छी विकेट है। मुझे लगता है कि हर कोई पहले बैटिंग करने के लिए तैयार है। हमें अपनी टीम पर बहुत भरोसा है। खिलाड़ी हर स्थिति में अच्छा खेल रहे हैं। हर कोई अपना रोल निभाता है। उम्मीद है कि खिलाड़ी आज अच्छा खेलेंगे। एहसान मलिंगा नहीं खेल रहे हैं। महिश तिक्षाणा खेल रहे हैं।

पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों ने ही टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। ऐसे में मैच के रोमांचक होने की पूरी संभावना है।

श्रीलंका की प्लेइंग इलेवनः अविष्का फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर, कप्तान), पवन रथनायके, सहान अराचिगे, जनिथ लियानागे, दासुन शनाका, दुनिथ वेल्लालेगे, महिश तिक्षाणा, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदु-शंका।

पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवनः फखर जमान, माज सदाकत, बाबर आजम, साद बेग (विकेटकीपर), सलमान आगा, हसन नवाज, अराफात मिन्हास, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी (कप्तान), नसीम शाह, हारिस रऊफ।

जुरेल और पड्डिकल की बदौलत इंडिया ए ने पहले दिन की समाप्ति पर बनाए 7 विकेट पर 291 रन

क्राइस्टचर्च/एजेंसी। भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट की शुरुआत शनिवार को हुई। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 291 रन बना लिए थे। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत एक बार फिर खराब रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले आउट हो गए। साई सुदर्शन और देवदत्त पड्डिकल ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। सुदर्शन 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पड्डिकल ने यश राठौड़ के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 रन जोड़ टीम का स्कोर 131 रन तक पहुंचाया। इस स्कोर पर राठौड़ तीसरे विकेट के रूप में 13 रन बनाकर आउट हुए। देवदत्त पड्डिकल ने 80 रन की शानदार पारी खेली। 140 गेंदों की पारी में पड्डिकल ने 12 चौके लगाए। वह चौथे विकेट के रूप में 137 के स्कोर पर आउट हुए। स्मरण रविचंद्रन भी इसी स्कोर पर बिना खाता खोले आउट हो गए। वाशिंगटन सुंदर 8 रन बनाकर आउट हुए।

160 पर 6 विकेट गंवा चुकी भारतीय टीम को कप्तान ध्रुव जुरेल ने संभाला। जुरेल ने मानव सुथार (22) के साथ सातवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 222 तक पहुंचाया।

संक्षिप्त समाचार

पंचायतीराज आम चुनाव-2026: मतदान केंद्रों के आसपास 100 से 200 मीटर के दायरे में नियमों की पालना सुनिश्चित करें–उप जिला निर्वाचन अधिकारी

- जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश, मतदान केंद्रों तक पहुंच मार्ग एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था समय पर पूरी करने पर जोर



चमकता राजस्थान/डीग, 31 अक्टूबर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र सिंह परमार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पहाड़ी, कामां एवं बृजनगर क्षेत्र के जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने मतदान केंद्रों के आसपास आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों की प्रभावी पालना कराने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों के आसपास पत्थर एवं निर्माण सामग्री हटवाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता वाले स्थानों पर पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर ध्वनि प्रसारण प्रणाली की व्यवस्था भी पुख्ता रखने को कहा, ताकि आवश्यक सूचनाओं का प्रसारण सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों के 100 से 200 मीटर के निर्धारित दायरे में निर्वाचन नियमों की पालना सुबह से ही सुनिश्चित कराई जाए। इस दायरे में वाहनों के प्रवेश पर रोक तथा मोबाइल फोन नहीं ले जाने संबंधी निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय से क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने के निर्देश दिए।

पैरा एशियन गेम्स में पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों से मिले खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़



चमकता राजस्थान/जयपुर। पैरा एशियन गेम्स-2026 में देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले राजस्थान के पदक विजेता पैरा खिलाड़ियों से युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने आज शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी में आत्मीय मुलाकात की।

खेल मंत्री ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हर पदक के पीछे असाधारण अनुशासन, जुझारूपन और वर्षों की कड़ी मेहनत की कहानी है। इन चैम्पियनों ने भारत का मान बढ़ाया है और अनगिनत लोगों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया है।

खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को राजस्थान क्रीड़ा सहायता अनुदान नियमों के तहत शीघ्र ही नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण, अत्याधुनिक खेल उपकरण और अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी जाएगी।राज्य सरकार पैरा खिलाड़ियों के सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। खेल मंत्री ने इस दौरान श्रीमती मोना अग्रवाल (जयपुर) - पैरा शूटिंग में 2 स्वर्ण पदक, सुश्री सृष्टि अरोड़ा (अजमेर) - पैरा शूटिंग में 1 कांस्य पदक, श्री कृष्णा नागर (जयपुर) - पैरा बैडमिंटन में 1 रजत व 1 कांस्य पदक, श्री महेन्द्र गुर्जर (दूदू) - पैरा एथलेटिक्स (भाला फेंक) में 1 रजत पदक, श्री प्रवीण शर्मा (धौलपुर) - पैरा एथलेटिक्स (गोला फेंक) में 1 कांस्य पदक एवं श्री बन्टी (चूरू) - पैरा एथलेटिक्स (हाई जंप) में 1 रजत पदक विजेता खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद श्री प्रवीण गुप्ता, सचिव राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद श्री राजकेश मीणा, खेल अधिकारी श्री करण सिंह शेखावत सहित क्रीड़ा परिषद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दिवा में अधिकारी-कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराएं; नगरसेविका साक्षी मढवी की मांग

मुंब्रादेवी कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त डॉ. प्रवीण कुमार फड और मनपा कर्मचारियों पर हुए हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग; आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त और महापौर से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

अरविंद कोठारी/दिवा। दिवा शहर के मुंब्रादेवी कॉलोनी परिसर में 28 अक्टूबर को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ठाणे महानगरपालिका के सहायक आयुक्त डॉ. प्रवीण कुमार फड और मनपा अधिकारी-कर्मचारियों पर हुए हमले की घटना को गंभीरता से लेते हुए नगरसेविका साक्षी रमाकांत मढवी ने प्रशासन से अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने की मांग की है।

शहर प्रमुख रमाकांत मढवी के मार्गदर्शन में नगरसेविका साक्षी मढवी ने ठाणे महानगरपालिका आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त और महापौर से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। साथ ही इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। दिवा प्रभाग समिति के अंतर्गत अतिक्रमण



विरोधी कार्रवाई के दौरान अधिकारी और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं, ऐसी मांग उन्होंने अतिरिक्त आयुक्त को लिखित ज्ञापन सौंपकर की है।

साक्षी मढवी ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त और सुरक्षित दिवा का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रशासन को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करानी चाहिए। अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। शहर में अनधिकृत अतिक्रमण के खिलाफ बिना किसी दबाव के निर्भीक और प्रभावी कार्रवाई हो सके, इसके लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए।

बिना अनुमति वाले बाजारों पर कार्रवाई कब?

दिवा शहर में सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को लगने वाले अनधिकृत बाजारों पर प्रशासन कार्रवाई करेगा या नहीं, यह सवाल नागरिक उठा रहे हैं। एक तरफ दुकानदारों का सामान जब्त किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ बिना अनुमति बाजार जारी रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

नागरिकों की मांग है कि अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई सभी स्थानों पर समान रूप से होनी चाहिए। अब सवाल यह है कि क्या स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इन अनधिकृत बाजारों के खिलाफ आवाज उठाएंगे? क्या प्रशासन बाजार लगाने वालों और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर भी कार्रवाई करेगा? इन सवालों के जवाब का दिवा के व्यापारियों और नागरिकों को इंतजार है।

अनधिकृत बाजारों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

इस बीच, दिवा शहर में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। दिवा में सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर लगने वाले बाजारों को किसी प्रकार की अनुमति नहीं होने की बात सामने आ रही है। ऐसे में इन अनधिकृत बाजारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है, यह सवाल नागरिकों द्वारा उठाया जा रहा है।

दूसरी ओर, दिवा के कुछ व्यापारियों का कहना है कि उनकी दुकानों के सामने बने निजी ओटलों पर रखे सामान को ठाणे महानगरपालिका का अतिक्रमण विभाग जब्त कर रहा है। ऐसे में व्यापारियों का सवाल है कि क्या प्रशासन सभी के खिलाफ समान नियमों के तहत कार्रवाई कर रहा है?

फेरीवालों के खिलाफ अतिक्रमण कार्रवाई का कई नागरिक समर्थन कर रहे हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर यह मांग भी उठ रही है कि बिना अनुमति बाजार लगाने वालों और सड़कों तथा फुटपाथों पर अतिक्रमण के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, मिठाई और खाद्य पदार्थों के 10 नमूने लिए

चमकता राजस्थान

राकेश अग्रवाल जिला/ सवाई माधोपुर। दीपावली पर्व को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम ने बजरिया, सिटी, खेरदा एवं छान क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कर कुल 10 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान जयपुर तथा जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत



यह कार्रवाई की गई।

दीपावली के मद्देनजर बाजारों में मावे से बनी मिठाइयों की बिक्री और मांग बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए विभाग की टीम ने विशेष रूप से मावे से बनी मिठाइयों की जांच पर फोकस किया। निरीक्षण के दौरान हलवाइयों को मिठाइयों में निर्धारित मात्रा से अधिक रंगों का इस्तेमाल नहीं करने के लिए पाबंद किया गया।

- **इन प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूने**

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कोटा कचौरी मिष्ठान भंडार, बंबोरी चौराहा खेरदा, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार सिटी, बंसल स्वीट्स होम बजरिया, छान स्थित प्रतिष्ठान से मावे की मिठाइयों के नमूने लिए।

वहीं गर्ग किराना बेरावंडा से मिर्च पाउडर तथा गौतम मिष्ठान भंडार से रबड़ी का नमूना लिया गया। इसके अलावा अन्य प्रतिष्ठानों से भी खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थ अमानक या असुरक्षित पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में वेद प्रकाश पूर्विया, ज्योति अग्रवाल, नितेश गौतम, चंचल मीणा एवं वीरेंद्र सिंह राजपूत शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि मिलावटखोरों के खिलाफ दीपावली तक लगातार जांच एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

धरियावद थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस का सीधा प्रसारण दिखाया गया, सीएलजी सदस्य भी रहे मौजूद

- **स्क्रीन के माध्यम से पहली बार सीधा प्रसारण दिखाने की पहल, पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर हुआ आयोजन**



चमकता राजस्थान/धरियावद। थानापरिसर मे वताधिकारी पुलिस उप अधीक्षक अकुश कुमार मीणा कि अध्यक्षकता मे थानाधिकारी हजारी लाल मीणा मय स्टाप कि उपस्थि मे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर धरियावद थाना परिसर में विशेष आयोजन किया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार थाना परिसर में स्क्रीन लगाकर राष्ट्रीय एकता दिवस का सीधा प्रसारण पुलिसकर्मियों एवं सीएलजी सदस्यों को दिखाया गया।

इस दौरान थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्य सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे और स्क्रीन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता दिवस से जुड़े कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। पहली बार थाना परिसर में इस तरह स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाने की पहल की गई।इस अवसर पर समाज सेवी रमेश कोठारी सहित महिला मंडल सी एल जी सदस्य के साथ मिडिया से अबतक बंटी भाई कोठारी पत्रकार गेंदमल पालीवाल राजकुमार कोठारी भी उपस्थित रहे

जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने मतदान दलों की रवानगी की तैयारियों का लिया जायजा, 2 नवंबर को होंगे रवाना

चमकता राजस्थान

धौलपुर संवाददाता :रामदास तरुण। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के मतदान को लेकर आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य, सरपंच तथा पंच पदों के लिए मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान दल 2 नवंबर को रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण के अंतर्गत पंचायत समिति धौलपुर, बाड़ी एवं सैंपऊ के मतदान दल राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बाड़ी रोड धौलपुर से प्रशिक्षण एवं मतदान सामग्री वितरण के बाद अपने-अपने



मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। मतदान दलों की रिपोर्टिंग का समय प्रातः 8 बजे निर्धारित किया गया है, जबकि रवानगी प्रातः 11 बजे होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रवानगी स्थल पर मतदान दलों की सुविधा के लिए प्रशिक्षण, मतदान सामग्री वितरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। पहचान पत्र काउंटर की रहेगी व्यवस्था रवानगी स्थल पर पहचान पत्र प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। यहां कार्मिक जोनल मजिस्ट्रेट, आरओ पंचायत एवं मतदान दलों के पहचान पत्र तैयार कर संबंधित को उपलब्ध कराएंगे। हेल्पडेस्क एवं नियंत्रण कक्ष रहेंगे संचालित मतदान दलों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे। यहां प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण प्रकोष्ठ द्वारा नियुक्त दो प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहकर आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस की सुविधा रवानगी स्थल पर चिकित्सा विभाग की ओर से चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी, आवश्यक दवाइयों एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। वाहन एवं पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं, मतदान दलों के वाहनों को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के बाहर स्थित खाली स्थान पर खड़ा किया जाएगा। मतदान दल वहां से अपने निर्धारित वाहनों में बैठकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे।

इसके अतिरिक्त पीएचईडी विभाग की ओर से पेयजल व्यवस्था की जाएगी। रवानगी स्थल पर साफ-सफाई, चालक सहित फायर ब्रिगेड तथा चल शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों की सुगम एवं व्यवस्थित रवानगी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को महत्वपूर्ण बताया।

21वीं सदी का हिंदी साहित्य विविध परिदृश्य पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

चमकता राजस्थान/अविनाश शर्मा/छत्तीसगढ़. छायावाद के प्रेरणा स्तोत्र पदम श्री मुकुटधर पांडे की स्मृति में केंद्रीय हिंदी निदेशालय शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग भारत सरकार एवं शहिद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज शहिद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़



के सभागार में शुभारंभ हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्यअतिथि ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आर.डी.पाटीदार ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता शहिद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति विनय चौहान ने की। पूर्व में केंद्रीय हिंदी निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ दीपक पांडे ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं दो दिवसीय संगोष्ठी पर होने सत्रों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस संगोष्ठी में देश-विदेश के हिंदी प्रेमी, साहित्यकार, कवि गण सहभागिता रही।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर निकाला 'रन फॉर यूनिटी' मार्च

राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश, नशामुक्ति अभियान में सहयोग का आह्वान

चमकता राजस्थान

ब्यावर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार प्रातः जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'रन फॉर यूनिटी' मार्च का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर कमल राम मीना एवं जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने मार्च को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्च में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों एवं गणमान्य नागरिकों



ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मार्च जिला कलक्टर कार्यालय से प्रारंभ होकर अजमेरी गेट, पांच बत्ती, चांग गेट एवं गांधी सर्किल होते हुए पटेल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया।

इस अवसर पर उपस्थितजनों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के उनके योगदान का स्मरण करते हुए सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके विचार और आदर्श आज भी देशवासियों को एकता, समरसता और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपखंड अधिकारी जयपाल सिंह राठौड़ के नेतृत्व में प्रधानाचार्य पटेल स्कूल रोहित जैन द्वारा उपस्थितजनों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता की शपथ दिलाई गई।

'रन फॉर यूनिटी' मार्च के माध्यम से जहां सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया गया, वहीं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, स्वस्थ जीवनशैली और नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया , एसडीएम जयपाल सिंह राठौड़, पुलिस जवान, खिलाड़ी, विद्यार्थी, और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका मंडल बाड़ी (धौलपुर) राज0

E-Mail – lsg.cmo.bari-rij@nic.in Bari.jaipur@yahoo.com Phone No. – 05647-274530

क्रमांक / भूमि / 2026 / 355 दिनांक : 30.10.2026

–: आपत्ति विज्ञप्ति सूचना :-

राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69–क अंतर्गत लीज डीड प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है –

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित भूमि जहाँ स्थित है	खसरा नम्बर एवं राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	प्रयोजन
1	श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी श्री संजय भंडारी जाति ब्राह्मण निवासी व्यास सदन नई विजय नगर आयुर्वेद कॉलेज के पास निर्द ग्वालियर	पुराने एबीएम स्कूल के बगल से पाताल देवी वाली गली कोट पाड़ा बाड़ी	3193 बाड़ी नम्बर 03	81.81	आवासीय

उपर्युक्तानुसार आवेदन में यदि किसी को कोई आपत्ति ऐतराज हो तो 07 दिवस में मय ठोस सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदक / आवेदिका के हक में नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जावेगी।

(दीपक गोयल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका बाड़ी
दिनांक : 30.10.2026

क्रमांक / भूमि / 2026 / 355
प्रतिलिपि संलग्नार्थ

''स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए किरण प्रिंटर्स प्लॉट नंबर 7 ,देवी नगर विस्तार,न्यू सांगानेर रोड,जयपुर से मुद्रित एवं 1 -ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6, जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआईबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी सम्पादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929''